डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सप्ताह की प्रकाशित, अंक 31.05.2022 से 06.06.2022 वर्ष-39 अंक-21 मूल्य रु. 5.00

# नागरिकों के अच्छे स्वास्थ्य के लिये हॉलिस्टिक हेल्थ एप्रोच आवश्यक - राष्ट्रपति

## प्राचीन काल से भारत में है एक देश-एक स्वास्थ्य तंत्र की व्यवस्था

**भोपाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का प्रमुख लक्ष्य है देश में सभी व्यक्तियों के लिये गुणवत्तापूर्ण, किफायती खर्च पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना। अच्छे स्वास्थ्य के लिये 'हॉलिस्टिक हेल्थ एप्रोच' अर्थात सभी चिकित्सा प्रणालियों के समन्वय से चिकित्सा आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जामनगर गुजरात में सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिशनल सिस्टम का शिलान्यास किया गया है, जहां 170 देशों की चिकित्सा पद्धतियों पर अध्ययन एवं शोध किया जाएगा। ये विचार राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में 'वन नेशन-वन हेल्थ सिस्टम इज द नीड ऑफ द ऑवर' विषय पर आरोग्य भारती द्वारा आयोजित एक दिवसीय आरोग्य मंथन में व्यक्त किये।**

राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द भोपाल में आयोजित आरोग्य मंथन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द ने कहा कि पिछले दो-ढाई वर्ष में दुनिया भयानक महामारी के दौर से गुजरी है। यदि वैज्ञानिक और चिकित्सक न होते तो क्या हालत होती? वैक्सीन से पूरी दुनिया की मानवता का बड़ा प्रतिशत बच गया। वैक्सीन प्रदाय के लिये पूरी दुनिया में भारत एवं हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा हो रही है। जब वे जमैका एवं सेंट विंसेंट देशों की यात्रा पर गये तो उन्हें बताया गया कि यदि भारत उन्हें वैक्सीन नहीं देता तो उनकी आधी आबादी समाप्त हो जाती। श्री कोविन्द ने मध्यप्रदेश में कोरोना नियंत्रण के संबंध में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यों का भी उल्लेख किया।

श्री कोविन्द ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत में एक देश-एक स्वास्थ्य तंत्र की व्यवस्था रही है। महर्षि पतंजलि ने तत्कालीन चिकित्सा पद्धतियों का अध्ययन कर योग एवं स्वास्थ्य पर पुस्तकें लिखीं। चरक और सुश्रुत संहिताएं भी इसके प्रमाण हैं। प्राचीन चिकित्सा पद्धति अत्यंत उपयोगी है। श्री कोविन्द ने कहा कि प्रकृति के अनुरूप सादगीपूर्ण जीवन-शैली एवं अच्छे विचार स्वास्थ्य का आधार हैं। आचार-विचार की सरलता, समुचित आहार-विहार एवं शारीरिक श्रम अच्छा स्वास्थ्य देते हैं। प्रकृति के अनुरूप सरल जीवन-शैली अपनायें।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि समान रूप से गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता जरूरी है। कोविड-19 की त्रासदी के अनुभव ने यह सिद्ध किया है कि चिकित्सा की कोई भी प्रणाली सभी स्वास्थ्य चिंताओं को अकेले दूर नहीं कर सकती है। वर्तमान समय में शहरी और ग्रामीण आबादी में जीवन-शैली जनित रोगों की बढ़ती संख्या इस दिशा में विशेष ध्यान देने की जरूरत का संकेत है। उन्होंने कहा कि रोगों का प्रसार करने में खाने की आदत एवं पर्यावरण में असंतुलन मुख्य कारण है। पहले के जमाने में लोग सात्विक और पौष्टिक आहार लेते थे और श्रम भी ज्यादा करते थे। इसी वजह से लोग स्वस्थ रहते थे। मजबूत राष्ट्र के लिए नागरिकों का बीमारियों से मुक्त शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक पहलुओं सहित स्वस्थ और खुशहाल होना जरूरी है। स्थानीय औषधियों और चिकित्सा पद्धतियों के प्रयोग से चिकित्सा व्यय में कमी होगी, जन-सामान्य में रोगों की रोकथाम के प्रति जागृति बढ़ेगी और रोगियों की संख्या भी नियंत्रित होगी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द का मध्यप्रदेश में स्वागत करते हुए कहा कि राष्ट्रपति जी के प्रदेश आगमन से प्रदेशवासी प्रफुल्लित हैं। राष्ट्रपति के विचार, व्यक्तित्व और कृतित्व हम सब के लिए प्रेरणास्पद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न चिकित्सा पद्धतियां एक-दूसरे की प्रतिस्पर्धी नहीं, अपितु एक-दूसरे की पूरक हैं। कोरोना के कठिन काल में प्रदेश ने चिकित्सा की सभी पद्धतियों का उपयोग कर कठिन परिस्थितियों का सामना किया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, मार्गदर्शन और सहयोग से प्रदेश के चिकित्सालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। इसके साथ ही आयुर्वेद का सहारा लेते हुए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जन-जन में काढ़े का वितरण किया गया। योग पद्धति को अपनाते हुए योग से निरोग अभियान चलाया गया। विभिन्न पद्धतियों को अपनाकर किए गए समग्र प्रयास, प्रदेश में कोरोना को नियंत्रित करने में प्रभावी रहे।

मुख्यमंत्री ने चिकित्सा और उपचार की सभी पद्धतियों को एक मंच पर लाने की आरोग्य भारती की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जन स्वास्थ्य के संबंध में प्रदान किए गए मार्गदर्शन का राज्य शासन द्वारा क्रियान्वयन किया जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में पहला सुख निरोगी काया को माना गया है। इसके लिए योग, प्राणायाम और नियमित दिनचर्या आवश्यक है। भारतीय संस्कृति में 'जैसा खाए अन्न- वैसा बने मन' के विचार का बहुत अधिक महत्व है। इस विचार का प्रभाव स्पष्टतः दिखाई दे रहा है। रासायनिक खाद और कीटनाशकों से भरे खाद्यान्न के बढ़ते उपयोग के परिणाम स्वरूप, लोग अनेक बीमारियों से ग्रसित होते जा रहे हैं। इस परिस्थिति में प्राकृतिक खेती को अपनाना समय की आवश्यकता हो गयी है।

### खास खबर

## राज्य निर्वाचन आयोग में नियंत्रण कक्ष स्थापित

**भोपाल,** जिलों से निर्वाचन कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों के आदान-प्रदान के लिये राज्य निर्वाचन आयोग में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का प्रभारी उप सचिव श्री राजकुमार खत्री को बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष सहायक श्री सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी को बनाया गया है। इनका मोबाइल नंबर- 8839181327 है। नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नंबर- 0755-2551076 है।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आयोग की वेबसाइट में निर्वाचन से संबंधित सभी जानकारियां अद्यतन करें।

### अंदर के पृष्ठों पर


- **खेल चर्चा-** प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी-** देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में-** प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह-** देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण


### पंचायत निर्वाचन-2022

## पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव के लिये जो जरूरी हो वह जरूर करें

**भोपाल,** पारदर्शी, निष्पक्ष और सही ढंग से चुनाव कराने के लिये जो जरूरी हो, वह जरूर करें। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री बसंत प्रताप सिंह ने यह निर्देश त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा के दौरान दिये। श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा की।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी मतदान-केंद्रों का निरीक्षण बरसात के हिसाब से कर लें। जहां जरूरी हो, वहाँ आवश्यक मरम्मत आदि का कार्य करवा लें। सही समय पर मतदान-केंद्रों तक पहुंचाने के लिये सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

श्री सिंह ने बताया कि 27 मई को पंचायत निर्वाचन की घोषणा के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है। यह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ही राजनैतिक दलों के लिये भी लागू होगी। समय-समय पर स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित करें। शस्त्र लायसेंस निलंबन, सम्पत्ति विरूपण, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, अवैध शराब जब्ती की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील मतदान-केंद्रों की पहचान कर सुरक्षा के समुचित प्रबंध करें। निर्वाचन क्षेत्र में रैली, जुलूस, सभा आदि का आयोजन सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही किया जाये। मतदान दलों को समुचित प्रशिक्षण दिया जाये। नवम्बर-2022 तक कार्यकाल पूरा करने वाली पंचायतों के रिक्त पदों की प्रविष्टि कर लें।

श्री सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा तीनों चरण के लिये निर्वाचन की सूचना 30 मई, 2022 को जारी की जायेगी। साथ ही स्थानों के आरक्षण के संबंध में सूचना तथा मतदान-केंद्रों की सूची भी प्रकाशित की जायेगी।

जिला पंचायत सदस्य के लिये जिला मुख्यालय, जनपद पंचायत सदस्य के लिये विकासखण्ड मुख्यालय और सरपंच एवं पंच पद के लिये विकासखण्ड मुख्यालय तथा क्लस्टर स्तर पर नाम निर्देशन-पत्र लिये जायेंगे।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि नाम निर्देशन-पत्र के साथ जिला पंचायत सदस्य के लिये 8 हजार, जनपद पंचायत सदस्य के लिये 4 हजार, सरपंच के लिये 2 हजार और पंच के लिये 400 रुपये की निक्षेप राशि जमा करनी होगी। अनुसूचित-जाति, अनुसूचित-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिला अभ्यर्थी को इस निक्षेप राशि की आधी राशि जमा करना होगी।

## राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द का मध्यप्रदेश आगमन

राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द के भोपाल आगमन पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान स्वागत करते हुये।

**भोपाल,** राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द के तीन दिवसीय मध्यप्रदेश प्रवास के लिए भोपाल आगमन पर विमानतल पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर राष्ट्रपति श्री कोविंद की अगवानी की और अभिवादन किया। राष्ट्रपति की धर्मपत्नी (प्रथम महिला) श्रीमती सविता कोविंद का भी स्वागत किया गया। राष्ट्रपति अगवानी के लिए नियुक्त मिनिस्टर इन वेटिंग, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह, सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा और अन्य जनप्रतिनिधि भी विमानतल पर उपस्थित थे।

विमानतल पर स्वागत के लिए वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती साधना सिंह चौहान, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक श्री विष्णु खत्री, विधायक श्री प्रदीप पटेल के अलावा मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना और कमिश्नर भोपाल श्री गुलशन बामरा भी उपस्थित थे।

*(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)*

## 21 मई

### भारत आया रिकॉर्ड 83.57 अरब डॉलर का विदेशी निवेश

● भारत दुनियाभर के निवेशकों के लिये निवेश का पसंदीदा स्थल बन गया है। भारत ने वित्त वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) हासिल किया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में रिकॉर्ड प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है। इससे पहले वित्तीय वर्ष 2020-21 में 81.97 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। एफडीआई में वृद्धि की वजह नीतिगत सुधार और कारोबारी सुगमता की दिशा में उठाये गये कदम हैं। मंत्रालय ने कहा कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में विदेशी निवेश के लिये पसंदीदा देश के रूप में तेजी से उभर रहा है। विनिर्माण क्षेत्र में भारत का एफडीआई 76 प्रतिशत बढ़कर 21.34 अरब डॉलर हो गया है। वर्ष 2020-21 में यह आंकड़ा 12.09 अरब डॉलर का था।

● केंद्र सरकार ने सड़क दुर्घटना या किसी अन्य आपातकालीन स्थिति में मानव जीवन को होने वाली क्षति रोकने के लिये महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री सुश्री भारती प्रवीण पवार ने नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट कोर्सेस (एनईएलएस) का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के तहत देशभर के चिकित्सकों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को आपातकालीन चिकित्सा सेवा में दक्ष करने के लिये प्रशिक्षित किया जायेगा। इसके अलावा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को लागू करने के लिये देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पर्याप्त बुनियादी ढांचा भी विकसित किया जायेगा। इस योजना के तहत अस्पतालों के आपातकालीन विभागों और एंबुलेंस सेवाओं में काम कर रहे डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षित करने के लिये प्रशिक्षकों का एक कैडर भी तैयार किया जायेगा।

## 22 मई

### यूजीसी ने मुक्त विश्वविद्यालय खोलने के नियम किये आसान

● केंद्र सरकार ने देश में उच्च शिक्षा की पहुंच बढ़ाने के लिये मुक्त विश्वविद्यालय (ओपन यूनिवर्सिटी) खोलने के नियमों को आसान बनाया है। अब सिर्फ पांच एकड़ विकसित भूखंड पर मुक्त विश्वविद्यालय खोलने की मंजूरी मिल जायेगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालयों के लंबे समय से अटके कई प्रस्तावों पर मंथन के बाद यह फैसला लिया गया है। यूजीसी ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालयों को खोलने के मौजूदा नियम वर्ष 1989 में तैयार किये गये थे। पहले मुक्त विश्वविद्यालय के लिये 40 से 60 एकड़ विकसित भूखंड होना जरूरी था। देश में मुक्त विश्वविद्यालयों के विस्तार में यह एक बड़ी अड़चन थी, क्योंकि शहरी क्षेत्रों में इतने बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध होना मुश्किल है। यूजीसी के चेयरमैन डॉ. एम. जगदीश कुमार ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालयों को खोलने से जुड़े नियमों को शिथिल करने से देश में मुक्त विश्वविद्यालयों की संख्या तेजी से बढ़ेगी।

● चीन के साथ जारी सैन्य गतिरोध और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन की सक्रियता को देखते हुये भारतीय सेना ने लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक युद्ध की तैयारियों को पुख्ता करने के लिये अभ्यास शुरू किया है। एलएसी पर भारतीय सेना और भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवान आपसी सामंजस्य को बढ़ाने के लिये संयुक्त अभ्यास कर रहे हैं। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) पैंगोंग त्सो झील पर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने में जुटी है, जिसके जवाब में भारतीय सेना भी नुब्रा घाटी को दौलत बेग ओल्डी क्षेत्र से जोड़ने वाली सड़क पर तेजी से काम कर रही है, जिससे सेना की चीन मोर्चे पर तैनाती तेजी से बढ़ सकेगी।

## 23 मई

### सीबीएसई ने बदला बोर्ड परीक्षा के प्रश्न-पत्रों का पैटर्न

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के प्रश्न-पत्रों के पैटर्न में बदलाव किया है। नई शिक्षा नीति के तहत किये गये ये बदलाव मौजूदा सत्र से ही लागू होंगे। नये पैटर्न के अनुसार इस वर्ष से कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा में लगभग 40 प्रतिशत प्रश्न के उत्तर समझ के आधार पर देने होंगे। 20 प्रतिशत प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे और शेष 40 प्रतिशत प्रश्न लघु उत्तरीय होंगे। वहीं कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में 30 प्रतिशत प्रश्न केस स्टडी आधारित होंगे। इसके अलावा 20 प्रतिशत प्रश्न बहुविकल्पीय तथा 50 प्रतिशत प्रश्न लघु एवं दीर्घ उत्तरीय होंगे। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि शैक्षणिक सत्र 2022-23 से दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं कोरोना पूर्व के वर्षों की भांति एक ही टर्म में वार्षिक रूप से ली जायेंगी।

● विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के लिये आवेदन करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। अभ्यर्थी नेट परीक्षा के लिये अब 30 मई, 2022 तक आवेदन कर सकते हैं। यूजीसी ने बताया कि नेट परीक्षा के लिये शुल्क जमा करने की आखिरी तारीख भी 30 मई तय की गई है। यूजीसी के अध्यक्ष डॉ. एम. जगदीश कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों के अभ्यावेदन के अनुसार यूजीसी नेट दिसम्बर 2021 और जून 2022 (मर्ज किये गये चक्र) के लिये ऑनलाइन आवेदन-पत्र जमा करने के संबंध में अंतिम तिथि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि यूजीसी द्वारा प्रति वर्ष दो बार नेट परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

## 24 मई

### वर्ष में दो बार आयोजित की जा सकती है सीयूईटी

● विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिये पहली बार आयोजित की गई कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) अब वर्ष में दो बार आयोजित की जा सकती है। इससे विद्यार्थियों को विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिये दो बार अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष डॉ. एम. जगदीश कुमार ने कहा कि संभव है कि इस व्यवस्था को अगले वर्ष से लागू कर दिया जाये। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले से जुड़ी जेईई मेंस परीक्षा भी वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। डॉ. एम. जगदीश कुमार ने बताया कि सीयूईटी-2022 के अंडर ग्रेजुएट (यूजी) कोर्सों में दाखिले के लिये इस वर्ष 11 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

● सऊदी अरब ने देश में कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों को देखते हुये अपने नागरिकों को भारत सहित 16 देशों की यात्रा करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक न्यूज रिपोर्ट के अनुसार जिन 16 देशों में सऊदी अरब के नागरिकों के यात्रा करने पर प्रतिबंध है, उनमें भारत के अलावा लेबनान, सीरिया, तुर्की, ईरान, अफगानिस्तान, यमन, सोमालिया, इथियोपिया, कांगो रिपब्लिक, लीबिया, इंडोनेशिया, वियतनाम, आर्मेनिया, बेलारूस और वेनेजुएला शामिल है। सऊदी अरब ने घोषणा की कि इन 16 देशों के अलावा जो गैर अरब देशों की यात्रा करना चाहते हैं, उन साऊदी नागरिकों के पास छह महीने से अधिक के लिये वैध पासपोर्ट होना चाहिये। इसके अलावा सऊदी अरब ने जनता को आश्वासन दिया है कि देश में अभी तक मंकीपॉक्स का एक भी मामला नहीं आया है, यदि कोई नया मामला सामने आता है, तो संक्रमण से लड़ने के लिये भी तैयार है।

## 25 मई

### आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट एप का संशोधित संस्करण लॉन्च

● राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) मोबाइल एप का संशोधित संस्करण लॉन्च किया है। इस एप को पहले एनडीएचएम हेल्थ रिकॉर्ड्स एप के नाम से जाना जाता था। इसे चार लाख से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के उन्नत संस्करण में नया यूजर इंटरफेस है, साथ ही इसमें अन्य व्यावहारिक चीजों को जोड़ा गया है, ताकि लोग किसी भी समय और कहीं भी अपना स्वास्थ्य रिकॉर्ड देख सकें। एनएचए के सीईओ डॉ. आर.एस. शर्मा ने कहा कि यह एप नागरिकों को अपना समग्र स्वास्थ्य रिकॉर्ड रखने की सुविधा देगा।

● कोलकाता में पहली बार मिनी डिफेंस एक्सपो का आयोजन होगा। यह एक्सपो 6 से 9 जुलाई तक आयोजित होगा। सेना की पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर.पी. कालिता ने बताया कि यह आयोजन स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने का अवसर देगा। उन्होंने उद्योग जगत के सदस्यों से कोलकाता में पहली बार आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय एक्सपो में शामिल होने को कहा। लेफ्टिनेंट जनरल कालिता ने कहा कि सशस्त्र बल नये उत्पादों के अनुसंधान और विकास के लिये प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध ने सिखाया है कि एक राष्ट्र को अपना युद्ध अकेले लड़ना होता है और ये आत्मनिर्भरता के महत्व को दर्शाता है।

## 26 मई

### देश के हर राज्य में बनेंगे उपभोक्ता मध्यस्थता केंद्र

● उपभोक्ता विवाद संबंधी शिकायतों को उपभोक्ता फोरम से अलग आपसी बातचीत के माध्यम से कानूनी तरीके से निपटाने की कवायत केंद्र सरकार ने शुरू कर दी है। सरकार ने देश के सभी राज्यों में एक-एक मध्यस्थता केंद्र स्थापित करने की योजना तैयार की है। यह देश में पहली बार है, जब उपभोक्ता संरक्षण कानून संबंधी विवादों के निपटारे के लिये मध्यस्थता केंद्र बनाये जायेंगे। केंद्र सरकार ने इस कवायद के संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र लिखकर सुझाव मांगे हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि यह सुझाव इसलिये मांगे गये हैं, ताकि मध्यस्थता केंद्रों की स्थापना को लेकर किसी राज्य को अगर कोई परेशानी है, तो उसकी जानकारी मिल सके। उल्लेखनीय है कि देश में अभी सिविल और अन्य कानूनी विवादों के निपटारे के लिये मध्यस्थता केंद्र मौजूद है, लेकिन उपभोक्ता मामलों के लिये मध्यस्थता केंद्र नहीं है।

● अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने कहा कि विकसित देशों की अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 तक पटरी पर लौट आयेगी। गीता गोपीनाथ ने विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक-2022 में वैश्विक वृद्धि के लिये अगले कदम विषय पर आयोजित सत्र में कहा कि वैश्विक पुनरुद्धार को रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण झटका लगा है। हमें वैश्विक वृद्धि दर में गंभीर गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाएं कोरोना महामारी के कारण बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। धीरे-धीरे अब इनमें सुधार हो रहा है। हालांकि विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था को जिस मुकाम पर वर्ष 2024 में होना चाहिये उससे वे 5 प्रतिशत पीछे रहेंगी।

## 27 मई

### नौसेना ने सर्वेक्षण पोत परियोजना के दूसरे पोत निर्देशक को किया लॉन्च

● भारतीय नौसेना ने अपनी सर्वेक्षण पोत परियोजना के दूसरे पोत 'निर्देशक' का चेन्नई के कट्टुपल्ली में जलावतरण किया। नौसेना की पूर्वी कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल विस्वजीत दास गुप्ता ने इस सर्वेक्षण पोत को लॉन्च किया। इस पोत ने अपना नाम पूर्ववर्ती निर्देशक से लिया है, जो कि भारतीय नौसेना का सर्वेक्षण पोत था और दिसम्बर, 2014 को 32 वर्ष की सेवा के बाद हटा दिया गया था। नौसेना ने बताया कि सर्वेक्षण पोत (वृहद) परियोजना (एसवीएल) के तहत चार पोतों का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत पहला पोत 'संध्याक' दिसम्बर, 2021 में लॉन्च किया जा चुका है।

● दुनिया के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थान जहां भारत में अपने कैंपस खोलने की तैयारी कर रहे हैं, वहीं भारत के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थान भी अन्य देशों में अपने कैंपस खोलने में रुचि दिखा रहे हैं। सात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) सहित कई निजी विश्वविद्यालय विदेश में अपने कैंपस खोलने की तैयारी कर रहे हैं। सरकार भी इस मामले में सैद्धांतिक रूप से सहमत है। सरकार सभी तकनीकी पहलुओं को जांचने और इसका रोडमैप बनाने में जुटी है। जल्द ही इस संबंध में बड़ा निर्णय लिया जा सकता। जानकारी के अनुसार आईआईटी मद्रास ने खाड़ी देशों की मांग पर अपना कैंपस खोलने की रुचि जताई है। इसके बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने दुनिया के अन्य देशों के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों की तरह भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों को आगे बढ़ाने की योजना बनाई है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)*

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

| क्रमांक | ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm) | रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm) |
|---|---|---|
| 1. डीएवीपी (DAVP) रेट | 13.36 | 18.70 |
| 2. कॉन्ट्रैक्ट रेट | 70.00 | 98.00 |
| 3. कमर्शियल रेट | 80.00 | 112.00 |

फुल पेज का आकार

| | | |
|---|---|---|
| चौड़ाई | - | 25 सेंटीमीटर |
| लंबाई | - | 37 सेंटीमीटर |
| कुल वर्ग सेंटीमीटर | - | 925 वर्ग सेंटीमीटर |

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 22 30.05.2022 से 05.06.2022
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में नहीं छोड़ेंगे कोई कसर

जनसेवा और विकास कार्यों से 21 मई के दिन की शुरुआत हो रही है। हमारा संकल्प है कि जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उपरोक्त बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री जिलों में संचालित विकास गतिविधियों और कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री खंडवा और डिंडौरी जिलों की समीक्षा कर रहे थे। कलेक्टर खंडवा श्री अनूप कुमार सिंह और कलेक्टर डिंडौरी श्री रत्नाकर झा एवं जिलों के प्रशासनिक अधिकारी भी समीक्षा बैठक में वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा लक्ष्य है कि विकास गतिविधियों और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को बिना विलंब और भ्रष्टाचार के मिले। शासकीय अमला हितग्राहियों से निरंतर संवाद कर संपर्क में रहे। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों का पता चलता है और उनका निराकरण भी सुगम हो जाता है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और अपराधियों तथा माफियाओं को पूरी तरह ध्वस्त करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने खंडवा और डिंडौरी जिले में पेयजल व्यवस्था, आंगनवाड़ियों एवं पोषण की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत सरोवर, राशन वितरण, सीएम हेल्पलाइन, मनरेगा, जिलों में जारी नवाचार तथा 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना में संचालित गतिविधियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने आंगनवाड़ियों में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिये अभियान चलाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने खंडवा जिले की समीक्षा में निर्देश दिये कि कुपोषण को टास्क में लेकर समाप्त करें और हर तीन माह में इसकी समीक्षा करें। आंगनवाड़ियों में पेयजल और बिजली की आपूर्ति पर ध्यान दें। उसे एडाप्ट एन आंगनवाड़ी अभियान में आमजन को प्रोत्साहित करें और गोद ली गई आंगनवाड़ियों की सतत मॉनीटरिंग करें। कलेक्टर खंडवा ने जानकारी दी कि कुपोषण दूर करने के लिये मुनगा की पत्तियों के चूर्ण का उपयोग आंगनवाड़ियों में किया जा रहा है, जो प्रभावी रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खंडवा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की स्थिति बेहतर है। जिले में 94.33 प्रतिशत आवास पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री ने प्रशासन को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शेष रहे 6 प्रतिशत आवास पूर्ण कर खंडवा जिला रिकॉर्ड बना सकता है। जानकारी दी गई कि आवास प्लस का टारगेट 16 हजार 300 है, जिसमें 10 हजार आवास की स्वीकृति मिल चुकी है। कुछ में तकनीकी समस्याएं आ रही हैं, जिनका शीघ्र निराकरण कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में चयनित हितग्राहियों की सूची पंचायत स्तर पर प्रदर्शित की जाकर हितग्राहियों को मुख्यमंत्री की ओर से पत्र भेजा जाये। योजना में नाम जुड़वाने या किस्त जारी करने के लिये पैसे की शिकायत बर्दाश्त नहीं की जायेगी, ऐसी शिकायतों पर तुरंत कार्यवाई की जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी आवास योजना में 42.9 प्रतिशत आवास पूर्ण हुये हैं, इनके कार्यों में गति लायें। मुख्यमंत्री ने मनरेगा के कार्यों की समीक्षा भी की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश के सभी जिलों में चलायी जा रही सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में वे जिला कलेक्टर और जिले में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों से सीधे संवाद स्थापित करते हैं।

# खून की जांच से हार्टअटैक की सही जानकारी मिलेगी

हार्टअटैक एक ऐसी बीमारी है, जिससे बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होते हैं। इस बीमारी का अब काफी हद तक सफल इलाज होने लगा है। इस पर शोध निरंतर जारी है। इंसान की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में दिल का दौरा और स्ट्रोक कब पड़ जाये इसका पता ही नहीं चल पाता। कई बार समय पर इलाज न मिलने पर इंसान को जान तक गंवानी पड़ जाती है, अब शोधकर्ताओं ने एक ऐसा ब्लड टेस्ट विकसित किया है, जिससे अगले चार साल में किसी को दिल का दौरा, स्ट्रोक और हार्टफेलियर होने का सटीक अनुमान लगाया जा सकेगा। इतना ही नहीं इस टेस्ट से यह भी पता लगाया जा सकेगा कि इनमें से किसी एक स्थिति से मौत होने का खतरा है या नहीं। शोधकर्ताओं ने बताया कि यह टेस्ट ब्लड में प्रोटीन की मात्रा पर निर्भर करता है। इससे बीमारियों के बारे में सटीक अनुमान लगाया जा सकता है, इससे चिकित्सकों को यह अनुमान लगाने में मदद मिलेगी कि मरीज की मौजूदा दवायें काम कर रही हैं या नहीं। साथ ही यह भी पता चलेगा कि क्या मरीज को अतिरिक्त दवा देने की आवश्यकता है या नहीं। डॉ. स्टीफन विलियम्स ने बताया कि उनकी टीम ने 22,849 लोगों के रक्त प्लाज्मा के नमूनों में पांच हजार प्रोटीन का विश्लेषण करने के लिये मशीन लर्निंग का इस्तेमाल किया। इस दौरान 27 प्रोटीनों की पहचान की गई। इस टेस्ट का इस्तेमाल अमेरिका में पहले से ही हो रहा है। प्रोफेसर मैनुअल मेयर का कहना है कि प्रोटीन हमारे शरीर का अहम हिस्सा है। जेनेरिक टेस्ट में कुछ बीमारियों के जोखिम का पता चल जाता है, वहीं प्रोटीन विश्लेषण से किसी भी समय किसी अंग, ऊतक और कोशिकाओं के बारे में पता लगाया जा सकेगा।

**- देवेश तिवारी**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई**

# हमारे जीवन और पर्यावरण में जहर घोलता धुआं

***मैं ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया***
***हर फ़िक्र को धुएं में उड़ाता चला गया...***

सन् 1961 में फिल्म 'हम दोनों' में देव आनंद पर फिल्मायी गई और मशहूर गीतकार साहिर लुधियानवी की लिखी यह नज़्म सुनने में बहुत अच्छी है, लेकिन गीत के इन मायनों से हटकर तब से लेकर आज की युवा पीढ़ी भी अपनी पसंद के अभिनेता को सिगरेट के कश लेते हुए या पान मसाला चबाते हुए देखकर मानो उसका ही प्रतिरूप मान लेती है। सिनेमा के पर्दे पर सिर्फ चंद मिनट का यह दृश्य जीवन पर्यन्त की आदत के रूप में तब्दील हो जाता है। कहते हैं कि इंसान अच्छी आदतों और अच्छी बातों को जल्दी नहीं अपनाता, लेकिन वहीं बुरी आदतें और बुरी बातें व्यक्ति को जल्दी प्रेरित करती हैं। कोरोना काल में जब लॉकडाउन चल रहा था, तब भी ब्लैक में गुटखा, पान मसाला, सिगरेट जैसी चीजों का इस्तेमाल व्यसन करने वाले कर रहे थे। सिगरेट और तंबाकू का यह नशा सिर्फ उपयोग करने वाले के लिए ही दुखदायी नहीं है, बल्कि परिवार के लिए भी नुकसानदायक है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 1987 में पहली बार इस दिन को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मान्यता दी थी और इस दिन को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया था। विश्व स्वास्थ्य सभा ने 7 अप्रैल, 1988 को विश्व धूम्रपान निषेध दिवस के लिए WHA 40.38 नाम से एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का आह्वान किया गया था। जैसा कि नाम से ही पता चलता है, इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को तंबाकू चबाने या धूम्रपान से होने वाली समस्याओं और स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के बारे में जागरूक करना है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के उपयोग से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करना और इस दुनिया को तंबाकू से मुक्त करना है।

### पृथ्वी पर जहर फैलाता तंबाकू

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) दुनियाभर में इस दिवस को मनाने और लोगों को तंबाकू और उसके उत्पादों के उपयोग को रोकने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हर साल एक विशेष विषय को केंद्र में रखता है। इस वर्ष इसका विषय या थीम Tobacco : Threat to our environment है। अर्थात् 'तंबाकू हमारे पर्यावरण के लिये खतरा है' पर केन्द्रित है। तंबाकू सिर्फ सेहत नहीं पर्यावरण के लिए भी उतना ही घातक है। यह भी संयोग है कि विश्व पर्यावरण दिवस के नजदीक हम पर्यावरण को तंबाकू से होने वाले नुकसानों के बारे में इस साल बातें कर रहे हैं। तंबाकू के पूरे जीवनचक्र में पृथ्वी को नुकसान पहुंचता है, जिसकी वजह से मानव समेत पृथ्वी पर मौजूद हर प्राणी के स्वास्थ्य के लिए यह घातक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू उद्योग के लिए अब तक 60 करोड़ पेड़ काटे जा चुके हैं। वहीं कई टन कार्बन-डाइ-ऑक्साइड रिलीज होने से दुनिया के तापमान में वृद्धि हुई है। कई अरब लीटर पानी अब तक सिगरेट के निर्माण में बर्बाद हो चुका है। पर्यावरण पर तंबाकू उद्योग का हानिकारक प्रभाव बहुत पड़ा है और हमारे ग्रह के पहले से ही दुर्लभ संसाधनों और नाजुक पारिस्थितिक तंत्र पर अनावश्यक दबाव बढ़ा रहा है। तंबाकू से हर साल लगभग 1 करोड़ लोगों की मौत पूरी दुनिया में होती है।

**हर साल कई करोड़ किलोग्राम हानिकारक कचरा पैदा करती है सिगरेट**

अनुमान है कि हर साल सिगरेट पीने के बाद जो बचा हुआ हिस्सा फेंक दिया जाता है वो दुनियाभर में 76.6 करोड़ किलोग्राम हानिकारक कचरा पैदा कर रहा है। ऐसे में इस समस्या को उजागर करने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूनेप) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल ने एक सोशल मीडिया अभियान शुरू किया है। इस साझेदारी को यूनेप के क्लीन सी कैंपेन का सहयोग प्राप्त है, जो कि 63 देशों का एक वैश्विक गठबंधन है। इसका मकसद समुद्र में बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण को दूर करना है। सिगरेट के कारण पैदा होने वाले इस कचरे की समस्या कितनी बड़ी है इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि दुनियाभर में हर साल 6 लाख करोड़ से ज्यादा सिगरेट का उत्पादन किया जाता है। इनमें हर सिगरेट में फिल्टर या बट होते हैं, जो मुख्य रूप से माइक्रोप्लास्टिक के बने होते हैं, जिन्हें सेल्युलोज एसीटेट फाइबर के रूप में जाना जाता है। समस्या तब जन्म लेती है जब सिगरेट के इन टुकड़ों का ठीक से निपटान नहीं किया और उन्हें पीने के बाद खुले में फेंक देते हैं। सिगरेट के यह टुकड़े दुनियाभर में सबसे ज्यादा फेंका जाने वाला कचरा है। धूप और नमी के चलते सिगरेट के यह टुकड़े टूटने लगते हैं, जिनसे माइक्रोप्लास्टिक, भारी धातुएं और कई अन्य रसायन निकलने लगते हैं। यह हानिकारक तत्व हमारे इकोसिस्टम और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं।

### पशु-पक्षियों और समुद्री जीवों को भी नुकसान

सिगरेट के इस कचरे को जब पक्षी, मछलियों या अन्य जीवों द्वारा निगल लिया जाता है, तो इन जीवों के स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचता है, यहां तक की इसकी वजह से उन जीवों की मृत्यु तक हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा शुरू किए गए इस सोशल मीडिया अभियान का उद्देश्य प्रभावशाली लोगों के साथ-साथ यूनेप से जुड़े सद्भावना राजदूतों और युवाओं को भी इसमें शामिल करना है। साथ ही इस बात को तवज्जो देना भी है कि प्लास्टिक फिल्टर वाले सभी तंबाकू उत्पादों में इसकी स्पष्ट रूप से जानकारी देना अनिवार्य हो। साथ ही लोगों को भी इस बारे में जागरूक करना है, जिससे वो भी इसके खतरे को पहचान सकें, साथ ही पर्यावरण को होने वाले गंभीर नुकसान को समझ सकें।

### सेहत के लिए घातक है तंबाकू

धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इस सावधानी या स्लोगन से हम अपने दैनिक जीवन में हर जगह रूबरू होते हैं। लेकिन अभी भी तंबाकू की लत के शिकार इसे अनदेखा करते हैं। तंबाकू न केवल फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि दिल, गुर्दे और यहां तक कि शुक्राणुओं को भी नुकसान पहुंचाता है। यह पुरुषों और महिलाओं में इनफर्टिलिटी का कारण बन सकता है। धूम्रपान महिलाओं में इनफर्टिलिटी की संभावना को 60 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है। इससे गर्भाशय में परिवर्तन आ सकता है, जिसके कारण गर्भाशय कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है। सिगरेट में मौजूद रसायन अंडाशय के भीतर एंटीऑक्सीडेंट स्तर में असंतुलन पैदा कर सकते हैं। यह असंतुलन निषेचन को प्रभावित कर सकता है और स्पष्ट है कि इसके बाद इम्प्लांटेशन में कमी आ जाएगी। तंबाकू का पुरुष प्रजनन क्षमता पर भी भारी दुष्प्रभाव पड़ता है। यह रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है और रक्त प्रवाह को प्रभावित करता है। गर्भावस्था के दौरान धूम्रपान करने से गर्भस्थ बच्चे को भी नुकसान पहुंच सकता है। यहां तक कि धूम्रपान करने वाली महिलाओं में समय पूर्व प्रसव पीड़ा हो सकती है और स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित बच्चों को जन्म दे सकती हैं। चाहे तंबाकू हो या हुक्का, सच्चाई यह है कि यह स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में धूम्रपान के कारण हर साल लगभग 10 लाख लोगों की मौत हो जाती है। अगर इम्यूनिटी सिस्टम कमजोर है तो निकोटिन का असर शरीर पर जल्दी होगा जिसकी वजह से कैंसर होने की आशंका बढ़ जाएगी। इसलिए कोई स्मोकिंग कर रहा हो या नहीं डॉक्टर हमेशा संतुलित आहार लेने की सलाह देते हैं। तंबाकू की वजह से हृदय संबंधी रोग, हाइपरटेंशन और श्वसन संबंधी समस्या जैसे ब्रोन्कायटिस और अस्थमा के अटैक की शिकायत हो सकती है। जो लोग स्मोकिंग नहीं करते उनकी तुलना में स्मोकिंग करने वालों को कैंसर की आशंका ज्यादा होती है। इसलिए यदि स्मोकिंग छोड़ना चाहते हैं तो उससे जुड़ी ये बातें जानना जरूरी है। इसके साथ ही सुबह जल्दी उठकर टहलने, मेडिटेशन से फायदा होगा। यदि ज्यादा दिक्कत हो रही है तो टबेको पेचेस या एंटी टौबैको च्विइंगम का सेवन करना फायदेमंद हो सकता है। संतुलित आहार का सेवन और जंक फूड से दूर रहना चाहिए।

तंबाकू के उपयोग को रोकने के लिए शासकीय एवं अशासकीय स्तर पर कई तरह के प्रयास किए जाते हैं। भारत सरकार ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 बनाया है। इसके मुख्य बिंदु :

- धारा 4 - सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित - Second hand smoking रोकने की कोशिश सार्वजनिक स्थलों को चिन्हित करते हुए धूम्रपान निषेध का बोर्ड प्रदर्शित करना।
- धारा 5- प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर प्रतिबंध।
- धारा 6 अ - किसी भी अवयस्क को तंबाकू बेचना या उससे बिकवाना प्रतिबंधित।
- धारा 6 बी - किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचना दंडनीय अपराध है।
- धारा 7 - तंबाकू उत्पाद के पैकेट के 85 प्रतिशत हिस्से पर चित्रित चेतावनी के बिना नहीं बेचा जा सकता है।

ये यकीन करना कि हम कुछ कर रहे हैं, जबकि हम कुछ नहीं कर रहे होते तंबाकू का पहला भ्रम है। प्रसिद्ध अमेरिकी साहित्यकार राल्फ वाल्डो इमर्सन की यह पंक्तियां स्पष्ट करती हैं कि हम तंबाकू से कुछ भी हासिल नहीं करते, बल्कि सिर्फ और सिर्फ खोते हैं अपने धन को, अपनी सेहत को और अपने आसपास की शुद्ध हवा को। इसलिए हमें संकल्पित होना चाहिए कि स्वयं भी और अपने आसपास के लोगों को भी इस धुएं से दूर रखें।

**सर्जना चतुर्वेदी**

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

## रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

## शुद्धिपत्र क्रमांक 18/07/2017, दिनांक : 24.05.2022

## सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2017

## सहायक प्राध्यापक के पदों की पुनरीक्षित विवरण

01 आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन हेतु विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापकों के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 07/2017, दिनांक 12.12.2017 आयोग की वेबसाइट तथा "रोज़गार और निर्माण" समाचार पत्र के दिनांक 18.12.2017 के अंक में प्रकाशित किया गया है।

02 मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 1-45/2019/38-1, दिनांक 05.04.2022 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिव्यांगजन आरक्षण के संदर्भ में प्रस्तुत याचिका क्रमांक 19393/2019 में पारित निर्णय दिनांक 29.04.2020 एवं CONC 538/2021 में पारित निर्णय दिनांक 01.09.2021 के अनुपालन में सहायक प्राध्यापक संवर्ग में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित कोटे के अंतर्गत विज्ञापित पदों को Cadre Strength में उपलब्ध पदों को पुनरीक्षित किया गया है। तद्नुसार सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2017 की रिक्ति विवरण को निम्नानुसार संशोधित किया जाता है -

| क्र. | विषय | रिक्त पदों की संख्या | | | | | रिक्तियों में से मध्यप्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या | | | | | रिक्तियों में से मध्यप्रदेश के मूल निवासी निःशक्त अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | SC | ST | OBC | कुल | UR | SC | ST | OBC | कुल | अ.बा. | दृ.बा. | श्र.बा. | कुल |
| 1. | जीव रसायन | 2 | 0 | 1 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2. | वनस्पति शास्त्र | 82 | 22 | 59 | 51 | 214 | 27 | 7 | 19 | 17 | 70 | 6 | 9 | 10 | 25 |
| 3. | रसायन शास्त्र | 111 | 43 | 94 | 77 | 325 | 37 | 14 | 31 | 25 | 107 | 6 | 15 | 15 | 36 |
| 4. | रसायन ऑर्गेनिक | 3 | 1 | 1 | 1 | 6 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 5. | रसायन भौतिक | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 6. | वाणिज्य | 90 | 60 | 88 | 46 | 284 | 30 | 20 | 29 | 15 | 94 | 6 | 13 | 14 | 33 |
| 7. | अपराध शास्त्र | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8. | नृत्य | 1 | 1 | 2 | 1 | 5 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9. | चित्रकला | 1 | 0 | 4 | 4 | 9 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 10. | अर्थशास्त्र | 64 | 45 | 89 | 56 | 254 | 21 | 15 | 29 | 18 | 83 | 7 | 12 | 12 | 31 |
| 11. | अंग्रेजी | 72 | 52 | 96 | 73 | 293 | 24 | 17 | 32 | 24 | 97 | 13 | 13 | 12 | 38 |
| 12. | भूगोल | 36 | 13 | 18 | 17 | 84 | 12 | 4 | 6 | 6 | 28 | 4 | 4 | 6 | 14 |
| 13. | भूगर्भ शास्त्र | 0 | 5 | 6 | 5 | 16 | 0 | 2 | 2 | 2 | 6 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 14. | हिंदी | 58 | 53 | 65 | 66 | 242 | 19 | 17 | 21 | 22 | 79 | 7 | 11 | 14 | 32 |
| 15. | इतिहास | 80 | 19 | 31 | 45 | 175 | 26 | 6 | 10 | 15 | 57 | 4 | 8 | 4 | 16 |
| 16. | इतिहास (प्राचीन) | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 17. | गृह विज्ञान | 0 | 24 | 31 | 20 | 75 | 0 | 8 | 10 | 7 | 25 | 3 | 4 | 4 | 11 |
| 18. | ज्योतिष | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19. | विधि | 80 | 22 | 37 | 19 | 158 | 26 | 7 | 12 | 6 | 51 | 3 | 4 | 3 | 10 |
| 20. | मराठी | 4 | 1 | 2 | 1 | 8 | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 21. | गणित | 74 | 31 | 68 | 32 | 205 | 24 | 10 | 22 | 11 | 67 | 2 | 9 | 8 | 19 |
| 22. | सैन्य विज्ञान | 0 | 2 | 3 | 3 | 8 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 23. | संगीत | 0 | 0 | 3 | 5 | 8 | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 24. | संगीत (वोकल) | 0 | 2 | 2 | 2 | 6 | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 25. | दर्शन शास्त्र | 1 | 3 | 6 | 4 | 14 | 0 | 1 | 2 | 1 | 4 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 26. | भौतिक शास्त्र | 122 | 37 | 76 | 57 | 292 | 40 | 12 | 25 | 19 | 96 | 8 | 10 | 11 | 29 |
| 27. | राजनीति शास्त्र | 64 | 51 | 72 | 62 | 249 | 21 | 17 | 24 | 20 | 82 | 4 | 10 | 10 | 24 |
| 28. | मनोविज्ञान | 3 | 5 | 8 | 7 | 23 | 1 | 2 | 3 | 2 | 8 | 1 | 1 | 1 | 3 |
| 29. | लोक प्रशासन | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 30. | संस्कृत | 14 | 0 | 0 | 12 | 26 | 5 | 0 | 0 | 4 | 9 | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 31. | संस्कृत ज्योतिष | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 32. | संस्कृत प्राच्य | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 33. | संस्कृत साहित्य | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 34. | संस्कृत व्याकरण | 2 | 0 | 1 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 35. | समाज शास्त्र | 43 | 48 | 67 | 44 | 202 | 14 | 16 | 22 | 15 | 67 | 5 | 10 | 9 | 24 |
| 36. | सांख्यिकी | 0 | 1 | 3 | 2 | 6 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 37. | उर्दू | 9 | 7 | 9 | 3 | 28 | 3 | 2 | 3 | 1 | 9 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 38. | वेद | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 39. | प्राणी शास्त्र | 83 | 29 | 54 | 59 | 225 | 27 | 10 | 18 | 19 | 74 | 9 | 9 | 7 | 25 |
| **योग -** | | **1107** | **579** | **1001** | **775** | **3462** | **362** | **189** | **327** | **255** | **1133** | **92** | **147** | **145** | **384** |

03 सिविल अपील क्रमांक 7781/2021 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय एवं दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित 384 पदों के अनुसार विषयवार संशोधित चयन सूची यथाशीघ्र प्रकाशित की जाएगी।

04 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

**जी-13454/47152/2022** **सचिव**

**अफवाहों पर न दें ध्यान, कोरोना से बचने का टीका ही समाधान**

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**शुद्धिपत्र क्रमांक 02/12/2021, दिनांक : 24.05.2021**

### आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी परीक्षा 2022
**रोज़गार पंजीयन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आयु-सीमा छूट तथा ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुनः प्रारंभ करने की सूचना**

**ऑनलाइन आवेदन अवधि दिनांक : 28.05.2022 से 06.06.2022 (रात्रि 12.00 बजे)**

01 आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग हेतु आयुर्वेद चिकित्सकों के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 12/2021, दिनांक 28.12.2021 आयोग की वेबसाइट **https://mppsc.mp.gov.in** पर जारी किया गया है।

02 माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक 5096/2022 में दिनांक 08.03.2022 को पारित निर्णय के अनुपालन में :-

अ. उक्त परीक्षा में शामिल होने वाले अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को रोज़गार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है।

स. मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को जीवित रोज़गार पंजीयन आवेदन करते समय आवश्यक नहीं होगा किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय मध्यप्रदेश के रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

द. मध्यप्रदेश शासन की सेवा में कार्यरत - शासकीय/निगम/मण्डल/उपक्रम/आयोग/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक - अभ्यर्थियों को विभाग/कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को मान्य किया जाएगा। उपरोक्तानुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर रोज़गार पंजीयन से छूट रहेगी।

03 माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक 2108/2022 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 08.02.2022 के अनुपालन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पि.वर्ग के समान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु-सीमा में छूट देय होंगी किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम आयु सीमा गणना तिथि 01.01.2022 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 45 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। यह छूट माननीय उच्च न्यायालय में लंबित उक्त याचिका के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगी।

04 अतः ऐसे अभ्यर्थी जो मध्यप्रदेश के निवासी नहीं है तथा ऐसे जो मध्यप्रदेश के निवासी हैं दोनों श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु उक्त व्यवस्था के साथ ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुनः 10 दिवस के लिए प्रारंभ की जा रही है। ऑनलाइन आवेदन पत्र **www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in** पर दिनांक 28.05.2022 से 06.06.2022 (रात्रि 12.00 बजे) तक भरे जा सकेंगे। समस्त ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार का कार्य भी उक्त अवधि में ही संपादित किया जा सकेगा।

05 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

**जी-13441/47144/2022** **सचिव**

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**शुद्धिपत्र क्रमांक 02/18/2021, दिनांक : 24.05.2021**

### यूनानी चिकित्सा अधिकारी परीक्षा 2022
**रोज़गार पंजीयन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आयु-सीमा छूट तथा ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुनः प्रारंभ करने की सूचना**

**ऑनलाइन आवेदन अवधि दिनांक : 28.05.2022 से 06.06.2022 (रात्रि 12.00 बजे)**

01 आयोग द्वारा मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग हेतु आयुर्वेद चिकित्सकों के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 12/2021, दिनांक 30.12.2021 आयोग की वेबसाइट **https://mppsc.mp.gov.in** पर जारी किया गया है।

02 माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक 5096/2022 में दिनांक 08.03.2022 को पारित निर्णय के अनुपालन में :-

अ. उक्त परीक्षा में शामिल होने वाले अन्य प्रदेशों के अभ्यर्थियों को रोज़गार कार्यालय में पंजीयन से मुक्त रखा गया है।

स. मध्यप्रदेश के मूल निवासियों को जीवित रोज़गार पंजीयन आवेदन करते समय आवश्यक नहीं होगा किन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय मध्यप्रदेश के रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

द. मध्यप्रदेश शासन की सेवा में कार्यरत - शासकीय/निगम/मण्डल/उपक्रम/आयोग/बोर्ड/विश्वविद्यालय/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक - अभ्यर्थियों को विभाग/कार्यालय द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र को मान्य किया जाएगा। उपरोक्तानुसार अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर रोज़गार पंजीयन से छूट रहेगी।

03 माननीय उच्च न्यायालय द्वारा याचिका क्रमांक 2108/2022 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 08.02.2022 के अनुपालन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पि.वर्ग के समान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु-सीमा में छूट देय होंगी किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम आयु सीमा गणना तिथि 01.01.2022 को 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी। अर्थात जिन अभ्यर्थियों की आयु 45 वर्ष से अधिक है वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। यह छूट माननीय उच्च न्यायालय में लंबित उक्त याचिका के अंतिम न्यायालयीन निर्णय के अध्यधीन रहेगी।

04 अतः ऐसे अभ्यर्थी जो मध्यप्रदेश के निवासी नहीं है तथा ऐसे जो मध्यप्रदेश के निवासी हैं दोनों श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु उक्त व्यवस्था के साथ ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुनः 10 दिवस के लिए प्रारंभ की जा रही है। ऑनलाइन आवेदन पत्र **www.mponline.gov.in, www.mppsc.mp.gov.in** पर दिनांक 28.05.2022 से 06.06.2022 (रात्रि 12.00 बजे) तक भरे जा सकेंगे। समस्त ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार का कार्य भी उक्त अवधि में ही संपादित किया जा सकेगा।

05 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

**जी-13443/47145/2022** **सचिव**

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

**शुद्धिपत्र क्रमांक 04/14/2021, दिनांक : 25.05.2022**

### गृह विभाग - मध्यप्रदेश शासन हेतु वैज्ञानिक अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु
**रोज़गार पंजीयन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु आयु-सीमा छूट तथा ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा पुनः प्रारंभ करने की सूचना**

**ऑनलाइन आवेदन अवधि दिनांक : 04.06.2022 से 13.06.2022 (रात्रि 12.00 बजे)** **आयोग कार्यालय में अभिलेखों सहित आवेदन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 23.06.2022**

**भोपाल**, मध्यप्रदेश में शाला स्तर पर शैक्षणिक गुणवत्ता का स्तर निरंतर सुधर रहा है। भारत सरकार द्वारा कराए गए पिछले सर्वे में मध्यप्रदेश 17वें स्थान पर था, इस वर्ष के सर्वे में मध्यप्रदेश पूरे देश में पाँचवें स्थान पर है। इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासी बधाई के पात्र हैं। आत्म-निर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में शिक्षा की गुणवत्ता का महत्वपूर्ण योगदान है। गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से ही सीएम राइज स्कूल शुरू किए जा रहे हैं। हमें यह ध्यान रखना है कि पहला सुख निरोगी काया है। इसके लिए भोजन की गुणवत्ता महत्वपूर्ण है। स्कूलों में मिलने वाले मध्यान्ह भोजन से पोषण तो मिलता ही है, लेकिन बच्चों के विकास में प्रोटीन और विटामिन की महत्वपूर्ण भूमिका है। मूंग दाल प्रोटीन का अच्छा स्रोत है। अतः राज्य सरकार ने कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों को मूंग दाल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के 66 लाख विद्यार्थियों को 78 हजार 511 मीट्रिक टन मूंग दाल वितरण कार्यक्रम शुभारंभ करते हुये कहीं। शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कुमारी राशि मिश्रा, कुमारी सोनम गौर और कुमारी कविता धाकड़ को मूंग दाल के पांच-पांच किलो के पैकेट भेंट कर प्रदेशव्यापी मूंग दाल वितरण कार्यक्रम की शुरूआत की। योजना में विद्यार्थियों के भोजन में अधिक पौष्टिकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को 10 किलो और कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को 15 किलो मूंग दाल दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ व्यक्तिगत स्वास्थ्य, खेल-कूद और पोषण पर ध्यान देना आवश्यक है। आंगनवाड़ियों में भी कुपोषण दूर करने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। शाला स्तर पर मूंग दाल वितरण से विद्यार्थियों और उनके परिवार के पोषण और स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार होगा।


एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर, छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

कॅरियर की राहें

# रोबोटिक्स में बढ़ गए हैं कॅरियर के नए अवसर

**'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।**

**इस समय ऑटोमोटिव इंडस्ट्री, परमाणु ऊर्जा, रक्षा, अंतरिक्ष, निर्माण, धातु और कपड़ा आदि सेन्टर में रोबोटिक टेक्नोलॉजी का व्यापक स्तर पर इस्तेमाल होने से रोबोटिक्स इंजीनियरिंग में कॅरियर के अवसर बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वर्ष 2020 और 2021 में कोरोना वायरस का सामना कर रही पूरी दुनिया में कोरोना वायरस से निपटने और अधिक से अधिक लोगों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए भी रोबोट की बड़ी अहमियत दिखाई दी है।**

### रोबोटिक्स इंजीनियर बनाते हैं रोबोट

यकीनन कुछ समय पहले तक कहानियों और फिल्मों में विभिन्न प्रकार के यंत्रीकृत




मानव यानी रोबोट के जो दृश्य उभरकर सामने आते थे, वे अब साकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। वस्तुतः रोबोट एक प्रकार की मशीन है, जो मैकेनिकल, सॉफ्टवेयर, इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के मिश्रण से मिलकर बनी होती है, जो एक से अधिक कार्यों को तेज गति और सटीक तरह से स्वचालित रूप से कर सकती है। रोबोटिक्स इंजीनियरिंग शाखा के अंतर्गत आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का भी अध्ययन किया जाता है। यह कम्प्यूटर विज्ञान की वह शाखा है, जिसमें यह सीखा जाता है कि कम्प्यूटर में आदमी जैसी बुद्धि कैसे आए। ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स एक मल्टीडिसिप्लिनरी फील्ड है, जिसमें कम्प्यूटर साइंस, न्यूरोसाइंस, मनोविज्ञान आदि विषय भी शामिल किए जाते हैं। कृत्रिम बुद्धि का उद्देश्य ऐसे कम्प्यूटर प्रोग्राम बनाना होता है, जो समस्याओं को हल कर सकें।

### रोबोट बनाने के लिए इंजीनियरिंग डिग्री की अहमियत

रोबोटिक्स के अध्ययन के लिए इंजीनियरिंग डिग्री आवश्यक है। इस क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिक्स तथा कम्प्यूटर साइंस जैसे सहयोगी क्षेत्रों का ज्ञान शामिल होता है। इसलिए इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने वालों को इन क्षेत्रों से संबंधित तकनीकों से भी अवगत होना चाहिए। यदि आप रोबोटिक्स में डिजायनिंग तथा कंट्रोल में विशेषज्ञता प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करनी होगी। कंट्रोल तथा हार्डवेयर में डिजायनिंग के लिए इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीटेक डिग्री लाभदायक होती है। रोबोटिक्स में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्र गणित में बहुत अच्छे होने चाहिए। रोबोटिक्स के क्षेत्र में कॅरियर बनाने हेतु 12वीं कक्षा में भौतिक एवं गणित विषय होना नितांत आवश्यक है। इसके साथ ही साथ उच्चतम प्रतियोगी तथा तकनीकी क्षेत्र में आविष्कार तथा कुछ नया करने के लिए सृजनात्मक योग्यता भी बेहद जरूरी है। ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में कॅरियर बनाने वालों को सबसे पहले यह करना होगा कि वह कम्प्यूटर, आईटी, मैकेनिकल, मैकेट्रोनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स अथवा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीई या बीटेक की डिग्री प्राप्त करें। यदि आप उच्च अध्ययन करते हैं तो इस क्षेत्र में आपके प्रवेश की संभावना और अवसर दोनों ही बढ़ जाएंगे।

### तेजी से बढ़ रहा है रोबोट का बाजार

दुनिया की अर्थव्यवस्था में रोबोट की अहमियत कितनी बढ़ गई है, इसका अंदाजा

एक रिपोर्ट से लगा सकते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार रोबोट का वैश्विक बाजार तेजी से बढ़ता जा रहा है। वर्ष 2010 में दुनिया में रोबोट का बाजार करीब 15 अरब डॉलर मूल्य का था। यह 2020 में करीब 43 अरब डॉलर का हो गया है और अनुमान है कि 2025 तक 67 अरब डॉलर का हो जाएगा।

सामान्यतया रोबोट दो तरह के होते हैं- इंडस्ट्रियल रोबोट और सर्विस रोबोट इंडस्ट्रियल रोबोट औद्योगिक एवं कारोबार इकाइयों में काम करते हैं, जबकि सर्विस रोबोट सर्विस से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हैं। प्रसिद्ध वर्ल्ड रोबोटिक्स 2019 की एक्जीक्यूटिव समरी के मुताबिक दुनिया में ऑपरेशनल स्टॉक में याने कार्यरत इंडस्ट्रियल रोबोट की संख्या जो 2018 में करीब 24 लाख थी, यह 2022 में बढ़कर करीब 40 लाख होने का अनुमान है। इंडस्ट्रियल रोबोट चीन में सर्वाधिक हैं। वर्ष 2018 में चीन में करीब 6.5 लाख इंडस्ट्रियल रोबोट का स्टॉक था। चीन में प्रत्येक 10,000 कर्मचारियों पर 732 रोबोट काम कर रहे हैं। हमारे देश में 2018 में करीब 23 हजार इंडस्ट्रियल रोबोट कार्यरत थे। पूरी दुनिया में इंडस्ट्रियल रोबोट्स के मामले में भारत 11वें स्थान पर है। भारत में औद्योगिक सेक्टर में हर 10,000 कर्मचारियों पर चार रोबोट काम कर रहे हैं। यदि हम भारत में रोबोट तैनाती का परिदृश्य देखें तो पाते हैं कि देश में वाहन उद्योग में रोबोटों की संख्या सबसे अधिक है।

### रोबोटिक्स इंजीनियरिंग में कॅरियर के विविध मौके

रोबोटिक्स इंजीनियरिंग में कोर्स करने वाले छात्रों के लिए कॅरियर के मौके देश और दुनिया में सभी दूर बढ़ते जा रहे हैं। जैसे-जैसे विभिन्न क्षेत्रों में रोबोट का उपयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे कॅरियर के मौके बढ़ते जा रहे हैं। उद्योगों में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए रोबोट्स का इस्तेमाल आम हो गया है। यहां तक कि ऑपरेशन थिएटर और रिहेबिलिटेशन सेंटरों में भी जीवन स्तर बेहतर बनाने के लिए इनका उपयोग होता है। रोबोटिक्स इंजीनियर स्पेस रिसर्च से जुड़ी संस्थाओं जैसे कि इसरो, नासा आदि में काम करते हैं, जहां रोबोटिक टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया जाता है। रोबोटिक्स इंजीनियर प्राइवेट कंपनियों में रोबोटिक सिस्टम डिजाइन करते हैं और उनकी टेस्टिंग करते हैं, कंपनियों के लिए उपयोगी सॉफ्टवेयर और स्वचालित उपकरण बनाते हैं। खासतौर पर खतरनाक बम खोजने और उन्हें निष्क्रिय करने के लिए रोबोट्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का सहारा लिया जाता है। बैंकिंग और स्टॉक्स से जुड़े कामों के लिए बैंकिंग क्षेत्र में भी रोबोट्स का इस्तेमाल किया जाता है।

### रोबोटिक्स के कोर्स से संबंधित संस्थान

देश में रोबोटिक्स के कोर्स संचालित करने वाले संस्थानों में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), मुंबई, दिल्ली, कानपुर, मद्रास, खड़गपुर, गुवाहाटी, रुड़की, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु, सेन्टर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कम्प्यूटिंग, मुंबई/पुणे, विड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (बिट्स), पिलानी, सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड रोबोटिक्स, बेंगलुरु आदि प्रमुख हैं। जो स्टूडेंट्स रोबोटिक्स में कॅरियर बनाना चाहते हैं, उन्हें अपनी रुचि, योग्यता व क्षमता के अनुरूप रोबोटिक्स के उपयुक्त क्षेत्र और उपयुक्त संस्थान का चयन करके कॅरियर की राह पर आगे बढ़ना चाहिए।

**- डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

# विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

## सामान्य ज्ञान - खेल

1. **वेस्टइंडीज की सीमित ओवर क्रिकेट टीम के नए कप्तान नियुक्त किए गए हैं?**
   (अ) निकोलस पूरन
   (ब) कार्लोस ब्रैथवेट
   (स) ड्वेन ब्रावो
   (द) अल्जारी जोसफ
2. **वर्ष 2021 में किस खिलाड़ी ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन खिताब जीता था?**
   (अ) केंटो मोमोटा
   (ब) ली जी जिया
   (स) शी यूकी
   (द) विक्टर एक्सेलसन
3. **डेनिका पैट्रिक किस खेल में अमेरिका का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं?**
   (अ) कार रेसिंग
   (ब) साइक्लिंग
   (स) स्कीइंग
   (द) इनमें से कोई नहीं
4. **वर्ष 2018 में किस शहर में कॉमनवेल्थ गेम्स आयोजित किए गए थे?**
   (अ) ग्लास्गो (ब) मेलबर्न
   (स) ऑकलैंड (द) गोल्ड कोस्ट
5. **टोक्यो ओलिंपिक में किस देश ने निशानेबाजी में सबसे ज्यादा पदक जीते हैं?**
   (अ) ईरान (ब) अमेरिका
   (स) चीन (द) ऑस्ट्रेलिया
6. **पेरिस सेंट जर्मेन ने कितनी बार फ्रेंच लीग-1 का खिताब जीता है?**
   (अ) पांच बार (ब) सात बार
   (स) आठ बार (द) दस बार
7. **इनमें से किस महिला क्रिकेटर ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाये हैं?**
   (अ) मैग लेनिंग (ब) सारा टेलर
   (स) टैमी ब्यूमोंट (द) मिताली राज
8. **इस वर्ष उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट किस देश ने जीता है?**
   (अ) चीन (ब) द. कोरिया
   (स) जापान (द) थाइलैंड
9. **इनमें से किस देश ने पांच बार फीफा वर्ल्डकप का खिताब जीता है?**
   (अ) ब्राजील (ब) अर्जेंटीना
   (स) इटली (द) जर्मनी
10. **कर्णम मल्लेश्वरी ने ओलिंपिक खेलों में किस खेल में कांस्य पदक जीता है?**
    (अ) कुश्ती (ब) निशानेबाजी
    (स) मुक्केबाजी (द) भारोत्तोलन
11. **वर्ष 2022 में किस खिलाड़ी ने मैक्सिकन ओपन का खिताब जीता है?**
    (अ) निक किर्गियोस
    (ब) एलेक्जेंडर ज्वेरेव
    (स) राफेल नडाल
    (द) कैमरन नॉरी
12. **केविन डि ब्रूयन किस देश के मशहूर फुटबॉलर हैं?**
    (अ) इंग्लैंड (ब) बेल्जियम
    (स) स्पेन (द) ग्रीस
13. **वर्ष 2020 में किस खिलाड़ी ने गोल्फ का मास्टर्स टूर्नामेंट जीता था?**
    (अ) डस्टिन जॉनसन
    (ब) टाइगर वुड्स
    (स) पैट्रिक रीड
    (द) जॉर्डन स्पीथ
14. **वर्ष 2017 में किस देश ने महिला यूरो कप का खिताब अपने नाम किया है?**
    (अ) जर्मनी (ब) स्वीडन
    (स) नीदरलैंड (द) डेनमार्क
15. **पाउला बडोसा किस देश की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हैं?**
    (अ) अमेरिका (ब) स्पेन
    (स) फ्रांस (द) सर्बिया
16. **एश्ले बार्टी ने इनमें से कौन-सा ग्रैंड स्लैम टाइटल नहीं जीता है?**
    (अ) यू एस ओपन
    (ब) ऑस्ट्रेलियन ओपन
    (स) फ्रेंच ओपन
    (द) विम्बलडन
17. **इनमें से किस खिलाड़ी ने बतौर गेंदबाज सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं?**
    (अ) अनिल कुंबले
    (ब) कर्टनी वॉल्श
    (स) मुथैया मुरलीधरन
    (द) जेम्स एंडरसन
18. **आईसीसी ने कितने देशों को टेस्ट क्रिकेट खेलने का दर्जा दिया है?**
    (अ) 10 (ब) 11
    (स) 12 (द) 15
19. **भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स-2018 में कुश्ती में कुल कितने पदक जीते थे?**
    (अ) 10 (ब) 12
    (स) 14 (द) इनमें से कोई नहीं
20. **ओलिंपिक पदक विजेता के डी जाधव किस खेल के खिलाड़ी रहे हैं?**
    (अ) कुश्ती (ब) निशानेबाजी
    (स) हॉकी (द) मुक्केबाजी
21. **वर्ष 1992 में किस शहर ने ओलिंपिक खेलों की मेजबानी की थी?**
    (अ) सियोल (ब) सिडनी
    (स) बार्सिलोना (द) एटलांटा
22. **माइकल फेल्प्स ने बीजिंग ओलिंपिक-2008 में कितने स्वर्ण पदक जीते थे?**
    (अ) पांच (ब) छह
    (स) सात (द) आठ
23. **आईसीसी ने वर्ष 2021 के लिए किस महिला क्रिकेटर को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ नवोदित खिलाड़ी चुना है?**
    (अ) एमी जोन्स
    (ब) लॉरा वॉलवार्ट
    (स) फातिमा सना
    (द) इनमें से कोई नहीं
24. **इनमें से किस भारतीय खिलाड़ी ने स्विस ओपन नहीं जीता है?**
    (अ) एच.एस. प्रणय
    (ब) पी. कश्यप
    (स) किदांबी श्रीकांत
    (द) समीर वर्मा
25. **क्रिस एवर्ट ने कितनी बार इटैलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया है?**
    (अ) पांच बार (ब) सात बार
    (स) आठ बार (द) दस बार

### उत्तर

**1. (अ), 2. (ब), 3. (अ), 4. (द), 5. (स), 6.(द), 7. (अ), 8. (ब), 9. (अ), 10. (द), 11. (स), 12. (ब), 13. (अ), 14. (स), 15. (ब), 16. (अ), 17. (द), 18. (स), 19. (ब), 20. (अ), 21. (स), 22. (द), 23. (स), 24. (ब), 25. (अ)।**

**- पुष्पेंद्र कुमार सविता**

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

# भारत में पर्यटन को फिर से गति देगा 'चलो इंडिया'

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में डेनमार्क में दिया 'चलो इंडिया' का नारा

किसी भी बड़ी अर्थव्यवस्था में पर्यटन का अहम योगदान होता है। ऐसे में समावेशी विकास के लिए पर्यटन पर ध्यान देना काफी आवश्यक है। यही कारण है कि इस समय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार विभिन्न स्तर पर कार्य कर रही है। हाल ही में विदेश दौरे के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने डेनमार्क में कहा है कि देश में रहने वाले प्रत्येक भारतीय, 5 गैर-भारतीय मित्रों को भारत आने के लिए प्रेरित करें। श्री मोदी ने डेनमार्क में अपने समकक्ष मेटे फ्रेडरिकसेन के साथ-साथ डेनमार्क के नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे भारत आने पर विचार करें, ताकि वे अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का समाधान कर सकें। डेनमार्क से पीएम मोदी ने 'चलो इंडिया' का नारा दिया। उन्होंने कहा हर भारतीय को कम से कम अपने पांच दोस्तों को भारत आने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यह वह काम है जो आप सभी राष्ट्रदूत को भी करना है। इन्हें उन स्थानों का सुझाव दें, जहां ये लोग देशभर में जा सकते हैं। पर्यटन से देश की उन्नति को जोड़ते हुए यह भी कहा जाता है कि विकास एवं विरासत साथ-साथ चलते हैं। दरअसल भारत को विरासत में मिली अनेक ऐसी धरोहर हैं, जो विदेशी पर्यटकों को अपनी ओर लुभाती हैं। इसलिए हमारी विरासत देश के विकास में सहभागी हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'चलो इंडिया' नारे के साथ ही देश में पर्यटन को बढ़ावा देने की एक नई मुहिम शुरू हो चुकी है। बता दें कि देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पर्यटन मंत्रालय द्वारा पहले से ही कई योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे में 'चलो इंडिया' का नारा टूरिज्म बढ़ाने के लिए एक बूस्टर डोज की तरह काम करेगा। विश्वव्यापी कोरोना महामारी की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के बाद भारत इस समय अनलॉक है और घरेलू पर्यटन भी सतत रूप से फिर से तेज गति पकड़ना शुरू कर चुका है।

### पर्यटन से होता है 'सबका विकास'

पर्यटन में विभिन्न समूहों, जातियों, धर्मों और कृषि, कला एवं शिल्प जैसे क्षेत्रों के लिए अवसर सृजित करके समावेशी विकास में योगदान करने की अपार क्षमता होती है। पर्यटन से जुड़ी ऐसी कई सेवाएं हैं जो आर्थिक विकास में योगदान देती हैं और इसके साथ ही पर्यटन की वजह से घूमने-फिरने वाले क्षेत्र के आस-पास आर्थिक विकास भी होता है।

### स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना से बुनियादी ढांचों को बढ़ावा

पर्यटन मंत्रालय अपनी बुनियादी ढांचा विकास योजनाओं के तहत, स्वदेश दर्शन और प्रसाद जैसी योजनाओं से राज्यों को विभिन्न पर्यटन स्थलों पर बुनियादी ढांचे को विकसित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। स्वदेश दर्शन योजना के तहत टियर II और टियर III के गंतव्यों पर पर्यटन विकास किया जाता है। स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर क्षेत्र में 1,300 करोड़ रुपये से अधिक की 16 परियोजनाओं जैसे पूर्वोत्तर, विरासत, इको सर्किट, आध्यात्मिक, आदिवासी आदि को मंजूरी दी गई है। प्रसाद योजना के अंतर्गत चिन्हित तीर्थ और विरासत स्थलों का एकीकृत विकास किया जाता है।

- भारत सरकार ने पर्यटन मंत्रालय के तहत वर्ष 2014-2015 में 'PRASAD' (प्रसाद) योजना शुरू की थी। प्रसाद योजना का पूरा नाम Pilgrimage Rejuvenation And Spiritual Augmentation Drive (तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान) है।
- स्वदेश दर्शन योजना विषयगत पर्यटन सर्किट के एकीकृत विकास के उद्देश्य से पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2014-15 में शुरू की गई है। इस योजना का उद्देश्य भारत में पर्यटन की क्षमता को बढ़ावा देना, विकसित करना और उसका सकारात्मक उपयोग करना है। इस योजना की परिकल्पना स्वच्छ भारत अभियान, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया आदि जैसे अन्य योजनाओं के साथ तालमेल बिठाने के लिए की गई है।

### देखो अपना देश

कोविड-19 महामारी के घातक दौर के बाद केंद्र सरकार ने विभिन्न पहलों के माध्यम से घरेलू पर्यटन को भी गति देने का प्रयास किया है। केंद्र सरकार ने 'देखो अपना देश' नामक पहल शुरू की, जिसके तहत विभिन्न प्रचार गतिविधियों जैसे वेबिनार, ऑनलाइन प्रतिज्ञा और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम देश और इसके पर्यटन स्थलों के बारे में जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए और कम ज्ञात गंतव्यों सहित कई पर्यटन स्थलों के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। 'देखो अपना देश' पहल को सोशल मीडिया और मंत्रालय की वेबसाइट और घरेलू भारत पर्यटन द्वारा भी व्यापक रूप से बढ़ावा दिया गया।

इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई वित्तीय और राहत उपाय भी किए गए जो भारतीय पर्यटन और आतिथ्य उद्योग का समर्थन करते हैं। भारत सरकार द्वारा घोषित विभिन्न वित्तीय राहत उपायों से संभवतः भारतीयों को लाभ होने की उम्मीद है। इसमें सबसे पहले होटल उद्योग आता है। सरकार ने इसके लिए आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की जिसके तहत 3 लाख करोड़ रुपये जमानत मुक्त स्वचालित एमएसएमई के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है। ऋण में 4 साल का कार्यकाल और 12 महीने की मोहलत दी गई है।

भारत सरकार ने ऐसे उद्योग जिनके कर्मचारी 15,000 रुपए से कम कमाते हैं, उनके पीएफ अंशदान को तीन महीने के लिए माफ कर दिया। वहीं आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत, नियोक्ता और कर्मचारी दोनों का पीएफ योगदान घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया। 5 करोड़ रुपये तक की कंपनियों के लिए बिना किसी दंडात्मक ब्याज के रिटर्न फाइलिंग तीन महीने के लिए स्थगित कर दी। इस प्रकार केंद्र सरकार ने आयकर अधिनियम, कंपनियों के तहत विभिन्न नियामक अनुपालनों से भी पर्यटन क्षेत्र में कार्यरत लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य किया है।

### विकास में अहम भूमिका निभाता है पर्यटन

पर्यटन और आतिथ्य उद्योग अर्थ-व्यवस्था में विकास के प्रमुख कारकों में से एक है। भारत में समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत, पारिस्थितिकी में विविधता को देखते हुए भारत में पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं। देश भर में फैला प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध विरासतें पर्यटन के लिहाज से विदेशी मुद्रा का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। पर्यटन क्षेत्र में 2016 से 2019 तक विदेशी मुद्रा आय 7 प्रतिशत की CAGR से बढ़ी, लेकिन COVID-19 महामारी के कारण 2020 में इसमें गिरावट दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2020 में भारत में 39 मिलियन नौकरियां पर्यटन क्षेत्र पर आधारित थीं, जो देश में कुल रोज़गार का 8.0 प्रतिशत था। 2029 तक पर्यटन क्षेत्र से लगभग 53 मिलियन नौकरियां होने की उम्मीद है। केंद्र सरकार लगातार पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है।

- एडॉप्ट ए हेरिटेज कार्यक्रम के तहत पर्यटन स्थलों, विरासत स्थलों और स्मारकों को पर्यटन के अनुकूल बनाने के लिए पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।
- अतुल्य भारत के तहत विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों सहित भारत को एक समग्र गंतव्य के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है।
- 2022-23 के बजट में पर्यटन मंत्रालय को 2400 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो 2021-22 में आवंटित बजट की तुलना में 18.42 प्रतिशत अधिक है।
- वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल (WTTC) के आंकड़ों के अनुसार 2019 में सकल घरेलू उत्पाद में यात्रा और पर्यटन के कुल योगदान के मामले में 185 देशों में भारत 10वें स्थान पर है।
- 2021 में भारत में कुल 8,56,337 पर्यटक भारत भ्रमण के लिए आए थे।
- 2028 तक भारतीय पर्यटन और आतिथ्य से आगंतुक निर्यात के रूप में 50.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई होने की उम्मीद है जो कि 2018 में 28.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। यानी आने वाले दिनों में भारत में यात्रा बाजार वित्त वर्ष 2027 तक 125 बिलियन यूएस डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।
- वित्त वर्ष 2020 में भारतीय एयरलाइन यात्रा बाजार का 20 बिलियन यूएस डॉलर था। हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे में सुधार और पासपोर्ट की बढ़ती पहुंच के कारण वित्त वर्ष 2027 तक इसका आकार दोगुना होने की उम्मीद है। घरेलू, इनबाउंड और आउटबाउंड सहित भारतीय होटल बाजार का अनुमान वित्त वर्ष 20 में 32 बिलियन डॉलर था जो वित्त वर्ष 2027 तक 52 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

**- रश्मि रंजन**
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

---

**मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए**

# मध्यप्रदेश के पावर-हब के रूप में उभर रहा है खंडवा

खंडवा जिला मध्यप्रदेश राज्य के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है। राज्यों के पुनर्गठन से पहले (यानि 01 नवंबर 1956 से पहले तक) खंडवा जिले को आधिकारिक तौर पर निमाड़ जिले के रूप में जाना जाता था। यह तत्कालीन मध्यप्रदेश के महाकौशल क्षेत्र का हिस्सा था। 1956 में राज्यों के पुनर्गठन के समय मध्य भारत क्षेत्र को कुछ बदलाव के साथ मध्यप्रदेश में बदल दिया गया और पश्चिमी भाग (पुराना निमाड़) अंततः मध्यप्रदेश का एक हिस्सा बन गया। 01 नवंबर, 1956 से निमाड़ (पूर्व) या पूर्वी निमाड़ के रूप में एक जिला अस्तित्व में आया। बाद में 15 अगस्त, 2003 को इस जिले को खंडवा और बुरहानपुर जिले में विभाजित किया गया।

इंदौर संभाग का यह जिला पूर्व में होशंगाबाद संभाग के बैतूल और हरदा जिले, दक्षिण में इंदौर संभाग के बुरहानपुर जिले, पश्चिम में खरगोन जिले और उत्तर में देवास जिले से घिरा हुआ है। जिले का अधिकांश भाग, दो प्रमुख नदियों- नर्मदा और ताप्ती के बीच की घाटियों में स्थित है। नर्मदा नदी जिले के मध्य में पूर्व से पश्चिम तक एक दूसरे के समानांतर बह रही है।खंडवा नगर देश के प्रसिद्ध गायक स्व. किशोर कुमार की जन्म स्थली भी है। उनकी स्मृति में गौरी कुंज सभागृह का निर्माण शहर में कराया गया है। अपनी बड़ी विद्युत परियोजनाओं के कारण यह जिला राज्य के पावर-हब के रूप में उभर रहा है।

## इतिहास

नर्मदा और सहायक नदियों के किनारों में हुए अध्ययनों से पता चलता है कि पुरापाषाण काल में भी यहां पर मानव प्रजाति अस्तित्व में थी। कहा जाता है कि खंडवा के उत्तर-पश्चिम में लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर नर्मदा नदी के तट पर स्थित द्वीप ओंकार मांधाता को यदु परिवार के एक वंशज हैहय राजा महिष्मंत ने जीत लिया था और उसे महिष्मती नाम दिया था।

दूसरी शताब्दी के आरंभ से ईसा पूर्व 15वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, निमाड़ क्षेत्र (पूर्व में खानदेश का एक हिस्सा) कई राजवंशों के शासकों द्वारा शासित रहा था, जिसमें मौर्य, शुंग, प्रारंभिक सातवाहन, कर्दमदास, अभिरस, वाकाटक, शाही गुप्त, कलचुरी, वर्धन, चालुक्य, राष्ट्रकूट, परमार, फारुकी राजवंश आदि प्रमुख थे।

16वीं शताब्दी के मध्य से 18वीं शताब्दी के प्रारंभ तक निमाड़ क्षेत्र (पूर्वी निमाड़ सहित) मुगलों, पेशवा, सिंधिया, होलकर और पवार (मराठों), पिंडारियों आदि के शासन/प्रभाव के अधीन था। 18वीं शताब्दी के मध्य भाग से निमाड़ क्षेत्र का प्रबंधन अंग्रेजों के अधीन आ गया था।

पारंपरिक रूप से कहा जाता है कि यह नगर महाभारत में वर्णित खांडव वन से घिरा है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार खंडवा शहर का प्राचीन नाम खांडव वन था जो मुगलों और अंग्रेजों के आने के कारण बोलचाल में धीरे-धीरे खंडवा हो गया।

12वीं शताब्दी में यह नगर जैन मत का महत्वपूर्ण स्थान था। यहां पाये जाने वाले अवशेषों से यह सिद्ध होता है, कि यह नगर बहुत प्राचीन नगर है, इसके चारों ओर चार विशाल तालाब, नक्काशी स्तंभ और जैन मंदिरों के छज्जे स्थित हैं।

## अर्थव्यवस्था

खंडवा जिले की अर्थव्यवस्था में प्रमुख योगदान कृषि का है। जिले की मुख्य फसल सोयाबीन है। साथ ही गेहूं, चना और प्याज भी जिले के बड़े हिस्से में किसानों की आजीविका का प्रमुख स्रोत है। कपास और इमारती लकड़ी पर आधारित उद्योग भी जिले की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कपास की ओटाई, तिलहन व आरा मिलें और अन्य लघु उद्योग भी यहां बड़ी संख्या में हैं।

चूना पत्थर जिले का प्रमुख खनिज है। खण्डवा जिले के हरसूद को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अहम कोयला आधारित बिजली संयंत्र सिंगाजी सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट ने जिले को प्रदेश भर में पहचान दी है। इसकी कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 2520 मेगावॉट है।

जिले के कई पर्यटन स्थल भी अर्थव्यवस्था में अपना योगदान दे रहे हैं।

## खंडवा जिला महत्वपूर्ण तथ्य

1. जिले का गठन - 1 नवंबर 1956
2. संभाग - इंदौर
3. जिला मुख्यालय - खंडवा
4. क्षेत्रफल - 8307 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या - 13,09,443 (पुरुष - 6,73,491, महिलाएं - 6,35,952)
6. लिंग अनुपात - 944
7. जनघनत्व (वर्ग किलोमीटर) - 178
8. साक्षरता - 67.5%
9. तहसीलें - 5 (खंडवा, पंधाना, हरसूद, पुनासा और खालवा)
10. राजस्व अनुभाग - 4
11. ग्राम पंचायत - 422
12. ग्राम - 781
13. नगर पंचायत - 4
14. नगर निगम - 1
15. विकासखंड - 7 (खंडवा, छैगांव माखन, पंधाना, पुनासा, बलड़ी, हरसूद, खालवा)
16. भाषा एवं बोली - हिन्दी, निमाड़ी, कोरकू
17. लोकसभा क्षेत्र - खंडवा एवं बैतूल (दोनों आंशिक)
18. विधानसभा क्षेत्र - 4 (खंडवा, पंधाना, हरसूद, मांधाता)

**(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)**

## अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

1. खंडवा जिले में स्थित इंदिरा सागर बांध मध्यप्रदेश की एक बहुउद्देशीय बांध परियोजना है। इसका जलाशय देश के सबसे बड़े जलाशयों में गिना जाता है। इसके बैक वाटर में स्थित हनुवंतिया टापू अपनी खूबसूरती के लिए प्रदेश ही नहीं देश भर में चर्चित हो रहा है। यह मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा विकसित और संचालित है।
2. खंडवा से 75 किलोमीटर दूर नर्मदा नदी के मध्य द्वीप पर स्थित ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग हिन्दू धर्मावलंबियों के लिए प्रमुख तीर्थस्थल है। इसके दक्षिणी तट पर ममलेश्वर (प्राचीन नाम अमरेश्वर) मंदिर स्थित है। इन दोनों मंदिरों में स्थित शिवलिंगों को एक ही ज्योतिर्लिंग माना जाता है। ओंकारेश्वर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।
3. अद्वैत के प्रणेता आदिगुरु शंकराचार्य के गुरू गोविन्द जी की गुफा, सिद्धनाथ के भव्य मंदिर के भग्नावशेष, गौरी सोमनाथ का मंदिर, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर भी जिले के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक है।
4. जिले में जैन धर्म का प्रमुख तीर्थ सिद्धवरकूट है, जहां कई प्राचीन मंदिर हैं, यहाँ की चित्रावलियों से पता चलता है कि यह लगभग 1488 ई. के आसपास की हैं। इन तीर्थ स्थलों के कारण हर साल जिले में लाखों यात्री आते हैं।
5. सरदार सरोवर बांध की पूरक परियोजना ओंकारेश्वर बांध भी खंडवा जिले में स्थित है। इसकी विद्युत उत्पादन क्षमता 520 मेगावॉट है।
6. खंडवा जिले में नर्मदा नदी पर ओंकारेश्वर बांध पर विश्व का सबसे बड़ा तैरता हुआ सोलर एनर्जी प्लांट लगाया जा रहा है। 600 मेगावॉट वाली इस परियोजना से 2023 तक सौर ऊर्जा मिलने का अनुमान है।
7. खंडवा में स्थित स्वामी केशवानंद जी महाराज (बड़े दादा जी) और स्वामी हरिहरानंद जी महाराज (छोटे दादाजी महाराज) के समाधि स्थलों में गुरू पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। महाराष्ट्र और आसपास के स्थानों से श्रद्धालुगण ध्वज लेकर पैदल चलकर आते हैं और दरबार में प्रसाद चढ़ाकर दर्शन पाते हैं।

**रीता मोदी**
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

केंटन कूल

## ब्रिटेन के पर्वतारोही ने 16 बार एवरेस्ट शिखर किया फतह

एवरेस्ट के शिखर पर 16 बार चढ़ाई कर ब्रिटेन के पर्वतारोही केंटन कूल ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वह पहले गैर नेपाली पर्वतारोही बने हैं, जिसने 16वीं बार 29 हजार फुट से ज्यादा की ऊंचाई वाले एवरेस्ट पर चढ़ाई की है। केंटन पहले भी एक ही बार में एवरेस्ट, लहोत्से और नुपत्से पहाड़ बिना बेस कैंप लौटे चढ़ चुके हैं। पिछली 15 यात्राओं में कूल बतौर यात्रा मार्गदर्शक मशहूर पर्वतारोहियों जैस- सर सुल्फ फिएन्स और बेन फोगल के साथ एवरेस्ट चढ़े थे।

देवसहायम पिल्लई

## पहले भारतीय जो संत घोषित हुये

इतिहास में पहली बार किसी भारतीय शख्स को पोप फ्रांसिस ने संत की उपाधि दी है। यह उपलब्धि देवसहायम पिल्लई को मिली है। पोप फ्रांसिस ने वेटिकन में सेंट पीटर्स बेसिलिका में संतों की सूची में नाम शामिल करते समय 9 अन्य के साथ देवसहायम के संत होने का ऐलान किया। पिल्लई ने 1745 में इसाई धर्म अपनाया था। इसके बाद उन्हें लाजर नाम दिया था। स्थानीय भाषा में लाजर या देवसहायम का अर्थ 'भगवान मदद के लिये है' होता है। उन्होंने जीवनभर जातिगत मतभेदों को भुलाकर समानता लाने पर जोर दिया।



तुर्की

## राष्ट्रपति पर ट्वीट करने पर विपक्षी नेता को सजा

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप अर्दोआन के खिलाफ सोशल मीडिया पर टिप्पणी करने पर प्रमुख विपक्षी नेता कनान कफ्तानकोग्लू को कोर्ट ने 5 साल की सजा सुनाई है। कफ्तानकोग्लू पर 5 साल के लिये राजनीति करने पर भी रोक लगा दी गई है। मुख्य विपक्षी रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी की इस्तांबुल शाखा प्रमुख कनान को सरकारी अधिकारी, देश और राष्ट्रपति का अपमान करने के अपराध में यह सजा सुनाई गई। कनान को अगले साल तुर्की में होने वाले चुनावों में राष्ट्रपति पद के लिये विपक्ष का प्रमुख दावेदार माना जा रहा था।

मौड लुइस

## सैंडविच के बदले बनाई पेंटिंग 2 करोड़ रुपये में बिकी

एक ग्रिल्ड चीज सैंडविच के बदले 50 साल पहले बनाई गई पेंटिंग 2.11 करोड़ रुपये में नीलाम हुई। लोक कलाकार मौड लुइस ने यह पेंटिंग 1973 में युवा शेफ आइरीन डेमास को सैंडविच के बदले दी थी। डेमास ने कहा कि उन्हें भरोसा नहीं हो रहा है कि इसके लिये इतनी बोली लगी। लुइस की जिंदगी का लंबा समय बेहद गरीबी में बीता था।

कैंपबेल विल्सन

## एयर इंडिया के सीईओ-एमडी

टाटा संस ने कैंपबेल विल्सन को एयर इंडिया का सीईओ और एमडी नियुक्त करने की घोषणा की है। 50 वर्षीय विल्सन सिंगापुर एयर लाइंस के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी 'स्कूट' के सीईओ हैं। उन्हें विमानन सेवा क्षेत्र में काम करने का करीब 26 वर्ष का अनुभव है। वह वर्ष 2011 में सिंगापुर एयर लाइन्स की किफायती दर की सेवाएं देने वाली एयर लाइन स्कूट के संस्थापक सीईओ बनाये गये थे।

एंजेल अल्वाराडो

## उछालते हुये रुबिक क्यूब्स सॉल्व कर बनाया रिकॉर्ड

कोलंबिया में 19 वर्षीय एंजेल अल्वाराडो ने तीन रुबिक क्यूब्स को उछालते हुये चार मिनट, 31 सेकंड में सॉल्व करके अपना ही विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। एंजेल ने इससे पहले 2021 में तीन रुबिक क्यूब्स चार मिनट 52.43 सेकंड में सॉल्व किए थे। एंजेल ने बताया कि रुबिक क्यूब्स के साथ नौ महीने तक अभ्यास करने के बाद सफलता हाथ लगी। उछालने के दौरान तीन रुबिक क्यूब्स पर एक साथ नजर रखने का तरीका सीखने में बहुत अधिक एकाग्रता की आवश्यकता होती है।



शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान

## यूएई के नये राष्ट्रपति बने

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शासकों ने ध्वनिमत से शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को अरब प्रायद्वीप में अनुवांशिक रूप से प्रशासित देश का राष्ट्रपति नियुक्त करने की घोषणा की है। देश के राष्ट्रपति एवं अबूधाबी के शासक 73 वर्षीय शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान के निधन के बाद रिक्त पद पर शेख मोहम्मद को राष्ट्रपति बनाया गया। सरकार संचालित डब्ल्यूएम न्यूज एजेंसी ने कहा है कि देश के सात शेख शासकों ने अबूधाबी में बैठक आयोजित कर यह फैसला सर्वसम्मति से लिया।

डॉक्टर अरुण मजूमदार

## स्टैनफोर्ड में डीन बने

भारतीय-अमेरिकी डॉक्टर अरुण मजूमदार को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के जलवायु परिवर्तन और निरंतरता पर केंद्रित नये स्कूल का पहला डीन नामित किया गया है। डॉक्टर अरुण पदार्थ-वैज्ञानिक, इंजीनियर एवं प्रोफेसर हैं। स्टैनफोर्ड न्यूज के अनुसार, विश्वविद्यालय के 70 वर्षों में पहले नये स्कूल स्टैनफोर्ड डोएर्र स्कूल ऑफ सस्टेनबिलिटी की शुरुआत 1 सितम्बर को होगी। समारोह पूर्व इसके सत्रों की शुरुआत की जायेगी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्टैनफोर्ड की ऐतिहासिक यात्रा को भी दिखाया जायेगा।

अमेरिका

## बुद्ध पूर्णिमा पर दिखा साल का पहला चंद्रग्रहण

अमेरिका की कैन्सास सिटी के आसमान में चंद्रग्रहण का नजारा दिखा। सुपर ब्लड मून पूरे आकार में दिखायी दिया। बुद्ध पूर्णिमा पर दिखे इस नजारे को वैज्ञानिकों ने न केवल कैमरे में कैद किया, बल्कि इस पर रिकॉर्डिंग कर शोध भी शुरू कर दिया है। साल का यह पहला चंद्रग्रहण भारत में नजर नहीं आया। यह उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, दक्षिण-पश्चिम यूरोप आदि में देखा गया।

अंटार्कटिका

## बर्फीले मौसम में चार माह की रातें शुरू

अंटार्कटिका में 13 मई को सूर्यास्त के समय सूरज पतली लकीर जैसा दिखाई दिया और इसी के साथ चार माह की अंधेरी रातें शुरू हो गई हैं। पृथ्वी पर सबसे दूरस्थ बेस 'कॉनकॉर्डिया' संचालित करने वाली यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के अनुसार बेस के 12 सदस्यीय चालक दल के लिये रोमांचक समय की शुरुआत हो गई। ईएसए के अनुसार फ्रांसीसी और इतालवी शोधकर्ताओं की स्पेस फ्लाइट रिसर्च टीम 6 महीने तक बर्फीले क्षेत्र में आइसोलेशन में रहेगी।

मैकडोनाल्ड

## फास्ट फूड कंपनी ने छोड़ा रूस

अमेरिकी फास्ट फूड कंपनी मैकडोनाल्ड ने घोषणा की है कि उसने अपने 32 साल पुराने रेस्त्रां को बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मैकडोनाल्ड्स लगभग तीन दशक पहले से रूस में 850 रेस्त्रां संचालित कर रही है। यह रेस्त्रां खोलने वाली पहली अमेरिकी फास्ट फूड कंपनी थी और रूस में उसका कारोबार बंद करना साबित करता है कि यूक्रेन हमले के बाद रूस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कितना अलग-थलग किया जा रहा है।

सचिन तेंदुलकर

## लगातार 20वें साल यूनिसेफ के गुडविल एंबेसडर बने रहेंगे

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर रिकॉर्ड लगातार 20वें साल यूनिसेफ के सद्भावना दूत (गुडविल एंबेसडर) बने रहेंगे और वंचित तबके के बच्चों के कल्याण के लिये काम करेंगे। तेंदुलकर ने ट्वीट किया इतने वर्षों में यूनिसेफ के साथ काम करना शानदार रहा। गौरतलब है कि महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर लंबे समय से यूनिसेफ के विभिन्न अभियानों से जुड़े रहे हैं।

एलिजाबेथ बोर्न

## फ्रांस की नई प्रधानमंत्री

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैंक्रों ने लेबर पार्टी की नेता एलिजाबेथ बोर्न को देश की नई प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। इससे पहले फ्रांस के प्रधानमंत्री जियों कैस्तेक्स ने इमैनुएल मैंक्रों के दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अपेक्षित कदम के तहत इस्तीफा दे दिया था। एडिथ क्रेसन के बाद बोर्न दूसरी महिला प्रधानमंत्री होंगी। क्रेसन ने 1991-1992 में प्रधानमंत्री पद की जिम्मेदारी संभाली थी।

निधि छिब्बर

## सीबीएसई की नई चेयरपर्सन बनीं

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को उसका नया अध्यक्ष मिल गया है। केन्द्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी निधि छिब्बर को सीबीएसई का चेयरपर्सन बनाया है। निधि 1994 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। फिलहाल वह भारी उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर तैनात हैं। निधि सीबीएसई बोर्ड में विनीत जोशी का स्थान लेंगी।

ऑस्ट्रेलिया में

## तैयार हो रहा दुनिया का सबसे पतला होटल

सिडनी के 410 पिट स्ट्रीट पर दुनिया का सबसे पतला पेंसिल टॉवर होटल तैयार हो रहा है। महज 16.4 फीट चौड़े इस होटल की ऊंचाई 328 फीट होगी। 29 मंजिल की इस इमारत में 173 कमरे होंगे। प्रत्येक फ्लोर पर 6 कमरे होंगे। इसकी छत पर एक सनडेक, एक स्विमिंग पूल और एक हमाम भी होगा। इस होटल की ग्राउंड फ्लोर पर कैफे, लॉबी और लाउंज होंगे। इसकी निर्माण लागत 135 करोड़ रुपये आंकी गई है।

नवीन श्रीवास्तव

## नेपाल में भारत के राजदूत होंगे

विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (पूर्वी एशिया) नवीन श्रीवास्तव को नेपाल में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय की घोषणा के अनुसार नवीन श्रीवास्तव विनय मोहन क्वात्रा के स्थान पर पदस्थ किये जा रहे हैं। ज्ञात रहे कि पूर्वी लद्दाख में चीन की सेना के अतिक्रमण और गलवान घाटी की घटना के बाद नवीन श्रीवास्तव ने चीन के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के साथ सीमा प्रबंधन को लेकर द्विपक्षीय समन्वय समिति (एमसीसी) की बैठकों में भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया है।

बार्बी डॉल और गुड्डा

## जागरुकता लाने के लिए कान की मशीन पहनेगी गुड़िया

लोकप्रिय बार्बी डॉल के निर्माताओं ने गुड़ियों के बाजार में एक नई रेंज पेश की है। इसमें बार्बी डॉल को जहां हियरिंग एड (कान की मशीन) पहने दिखाया गया है, वहीं पहली बार एक गुड्डा भी बाजार में लॉन्च होगा। केन नाम के इस गुड्डे के शरीर में विटिलिगो (सफेद दाग) होंगे। इन डॉल्स को बनाने वाली कैलिफोर्निया की कंपनी मेटल चाहती है कि बच्चे बार्बी डॉल के रूप में अपनी व अपने समकक्षों की छवि को देखें। बार्बी के लिये गुलाबी हियरिंग एड बनाये गये हैं। इसके लिये एजुकेशनल ऑडियोलॉजी विशेषज्ञ डॉक्टर जेन रिचड्र्सन से सलाह ली गई है।

## स्मृति शेष

### ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एंड्रयू साइमंड्स का निधन

ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर एंड्रयू साइमंड्स का 46 वर्ष की उम्र में सड़क हादसे में निधन हो गया। मार्च में शेन वार्न और रोडनी मार्श की मृत्यु के बाद एंड्रयू तीसरे स्टार क्रिकेटर हैं जिनकी मृत्यु हुई है। 198 वन-डे मैच खेलने वाले साइमंड्स 2003 और 2007 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे।

### लोंगेवाला युद्ध के हीरो कर्नल धर्मवीर का निधन

भारतीय सेना के रणबांकुरों ने जिस अदम्य साहस से लोंगेवाला युद्ध जीता था। उस युद्ध के नायक कर्नल धर्मवीर का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। कर्नल धर्मवीर 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय लेफ्टिनेंट के रूप में जैसलमेर के लोंगेवाला चेक पोस्ट की अग्रिम चौकी पर तैनात थे। उनकी टुकड़ी में कुल 120 सैनिक थे। एक इंटरव्यू के दौरान कर्नल धर्मवीर ने कहा था कि जब पाकिस्तान की तरफ से हमला हुआ था तब बॉर्डर पर कुछ सैनिक मौजूद थे, ऐसे में हमने पाकिस्तानी सेना को पूरी रात उलझाए रखा था। बाद में सुबह एयरफोर्स मदद के लिए पहुंच गई थी।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

कोरोना को मारने के तीन हथियार, हाथ धुलायी, मास्क और वैक्सीन का वार।

## कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग
## परियोजना क्रियान्वयन इकाई, साउथ सिविल लाइन जबलपुर
**NIT No. 12/2022/Centralized Tender/G/APD/JBP/Dated : 16.05.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022_PWPIU_204528_1 | नेताजी सुभाष चंद्र बोस केन्द्रीय जेल में कोरोना वार्ड के निर्माण कार्य की निविदा। (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 36.94 | 50000/- | 5000/- | 04 माह |
| 2. | 2022_PWPIU_204574_1 | जिला जबलपुर में विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास महिला गृह विज्ञान महाविद्यालय में विस्तारीकरण, नवीनीकरण एवं बैरियर फ्री निर्माण कार्य की निविदा। (द्वितीय आमंत्रण) | जबलपुर | 734.50 | 734500/- | 20000/- | 15 माह |
| 3. | 2022_PWPIU_204895_1 | नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर की सेंट्रल लाइब्रेरी में एयर कंडीशनर लगाने के कार्य की निविदा। (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 171.23 | 171230/- | 12500/- | 03 माह |
| 4. | 2022_PWPIU_204913_1 | संयुक्त नगरीय तहसील कार्यालय भवन गोरखपुर जिला जबलपुर का निर्माण कार्य की निविदा। (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 465.40 | 465400/- | 15000/- | 12 माह |
| 5. | 2022_PWPIU_204923_1 | संयुक्त नगरीय तहसील कार्यालय भवन रांझी जिला जबलपुर का निर्माण कार्य की निविदा। (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 474.37 | 474370/- | 15000/- | 12 माह |
| 6. | 2022_PWPIU_204938_1 | अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन जबलपुर का निर्माण कार्य की निविदा। (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 89.38 | 89380/- | 10000/- | 09 माह |
| 7. | 2022_PWPIU_205412_1 | जिला जबलपुर में विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में विस्तारीकरण, नवीनीकरण एवं बैरियर फ्री निर्माण कार्य की निविदा। (द्वितीय आमंत्रण) | जबलपुर | 852.43 | 852430/- | 20000/- | 18 माह |
| 8. | 2022_PWPIU_205419_1 | जिला जबलपुर में विश्व बैंक परियोजना अंतर्गत शासकीय महाकौशल कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में विस्तारीकरण, नवीनीकरण एवं बैरियर फ्री निर्माण कार्य की निविदा। (द्वितीय आमंत्रण) | जबलपुर | 1133.26 | 1000000/- | 30000/- | 18 माह |
| 9. | 2022_PWPIU_205424_1 | नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में अलाईड हेल्थ साइंस इंस्टीट्यूट, कन्या छात्रावास एवं बालक छात्रावास के निर्माण कार्य की निविदा। (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 1229.82 | 1000000/- | 30000/- | 24 माह |

1. निविदा से संबंधित विड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptender.gov.in** पर विना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 20.05.2022 समय 9.00 से **दिनांक 04.06.2022 समय 18.00 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**संभागीय परियोजना यंत्री**
**जी-13266/47119/2022** **लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., जबलपुर**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग
## राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग भोपाल (मिसरोद) - 462047
**ई-मेल - eepwdnhbhopal@gmail.com, फोन नम्बर - 0755-2488956**

**निविदा सूचना क्रमांक 05/व.ले.लि./टेण्डर/2022-23** **भोपाल, दिनांक : 20.05.2022**

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों के लिये निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | पोर्टल आई.डी. नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रुपये | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022_PWDRB_205457_1 | पेच वर्क इन कि.मी. 68/8 टू 81/10 ऑन एन.एच. 86 एक्स.फार विदिशा बायपास अंडर एन.एच. सब डिवीजन विदिशा (प्रथम आमंत्रण) | 1990390 | 39808 | केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. पंजीयन (सिविल) | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2022_PWDRB_205458_1 | पेच वर्क ऑन एन.एच. 86 एक्स. एण्ड एन.एच. 12 (एडिशनल) अंडर एन.एच. सब डिवीजन विदिशा (प्रथम आमंत्रण) | 1986104 | 39722 | केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. पंजीयन (सिविल) | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| 3. | 2022_PWDRB_205460_1 | पेच रिपेयर वर्क ऑन एन.एच. 146 वी नसरुल्लागंज-रेहटी-बुधनी रोड (प्रथम आमंत्रण) | 10673124 | 106731 | केन्द्रीयकृत लो.नि.वि. पंजीयन (सिविल) | 4 माह वर्षाकाल सहित |
| | | **महायोग राशि रु.** | **14649618** | | | |

इच्छुक निविदाकार आमंत्रित निविदा की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देख सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की दिनांक 20.05.2022 से 03.06.2022 सायं 5.30 बजे तक है। अर्नेस्ट मनी (Only Net Banking/RTGS/NEFT) एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन **दिनांक 03.06.2022** सायं 5.30 बजे तक प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह वेबसाइट पर ही अपलोड किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**जी-13264/47118/2022** **लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग, संभाग भोपाल**

## कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, (परियोजना क्रियान्वयन इकाई) सिवनी
## निर्माण भवन, प्रथम तल, कलेक्टर कैम्पस, जिला-सिवनी (मध्यप्रदेश)
**दूरभाष क्र. - 07692-225559**
**E-mail - dpepiu.seoni.@mp.gov.in, dpepiuseoni@gmail.com**

**एनआईटी नं.-12/2022/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/जी/एपीडी** **जबलपुर, दिनांक : 16.05.2022**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 1. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास **शिकारा जिला सिवनी** का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

| पोर्टल टेंडर क्र. | जिला | ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_204613_1 | सिवनी (म.प्र.) | 330.81 | 330810/- | 15000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 2. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास **घाटकोहका जिला सिवनी** का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_204639_1 | सिवनी (म.प्र.) | 318.51 | 318510/- | 15000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 3. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास **धोबीसर्रा जिला सिवनी** का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_204642_1 | सिवनी (म.प्र.) | 326.83 | 326830/- | 15000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 4. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास **बंडोल जिला सिवनी** का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_204647_1 | सिवनी (म.प्र.) | 329.55 | 329550/- | 15000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 5. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास **चमारी जिला सिवनी** का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_204657_1 | सिवनी (म.प्र.) | 304.12 | 304120/- | 15000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 6. आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास **बैगापिपरिया जिला सिवनी** का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_204660_1 | सिवनी (म.प्र.) | 321.96 | 321960/- | 15000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 7. संयुक्त तहसील कार्यालय भवन (सिवनी नगरीय तहसील) जिला सिवनी का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_204661_1 | सिवनी (म.प्र.) | 449.66 | 449660/- | 15000/- | 12 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 8. अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन **बरघाट, जिला सिवनी** का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_205170_1 | सिवनी (म.प्र.) | 85.88 | 85880/- | 10000/- | 08 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 9. अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय भवन **घंसौर, जिला सिवनी** का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_205172_1 | सिवनी (म.प्र.) | 85.88 | 85880/- | 10000/- | 08 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 10. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय **तुल्फ जिला सिवनी** में नवीन भवन निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_204507_1 | सिवनी (म.प्र.) | 366.65 | 366650/- | 15000/- | 16 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 11. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय **बीजादेवरी जिला सिवनी** में नवीन भवन निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_204547_1 | सिवनी (म.प्र.) | 373.56 | 373560/- | 15000/- | 16 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 12. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय **बैगापिपरिया जिला सिवनी** में नवीन भवन निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022_PWPIU_204580_1 | सिवनी (म.प्र.) | 332.96 | 332960/- | 15000/- | 16 माह वर्षाकाल सहित |

**स.क्र. एवं कार्य का नाम** :- 13. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय **बकौड़ा जिला सिवनी** में नवीन भवन निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण)

| | | | | | |
**2. Table No. 2 :- Name of Work –** Repair/ Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Agar | 1 | 2557148.00 |
| 2. | Bhind | 1 | 10791233.00 |
| 3. | Dindori | 1 | 11782252.00 |
| 4. | Hoshangabad | 1 | 10697674.00 |
| 5. | Khandwa | 3 | 30243326.00 |
| 6. | Raisen | 2 | 4836329.00 |
| 7. | Rajgarh | 1 | 13505324.00 |
| 8. | Ratlam | 1 | 4342040.00 |
| 9. | Rewa | 1 | 7815110.00 |
| 10. | Seoni | 1 | 4001807.00 |
| | Sehore | 1 | 6680516.00 |
| 11. | Ujjain | 1 | 5017404.00 |
| 12. | Umaria | 1 | 2722977.00 |

**Table No. 3 :- Name of Work –** Repair/ Maintenance of the Rural Roads for Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | Agar Malwa | 1 | 5923882.00 |
| 2. | Balaghat | 1 | 3579959.00 |
| 3. | Bhind | 1 | 11569775.00 |
| 4. | Guna | 1 | 3715265.00 |
| 5. | Hoshangabad | 1 | 2452379.00 |
| 6. | Jabalpur | 1 | 8844560.00 |
| 7. | Jhabua | 1 | 2548225.00 |
| 8. | Narsinghpur | 1 | 15203901.00 |
| 9. | Seoni | 2 | 15557519.00 |
| 10. | Vidisha | 2 | 9792065.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **03.06.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU

**CHIEF GENERAL MANAGER**
Madhyam/105071/47142/2022 **(TENDER)**

## M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

**(Government of Madhya Pradesh Undertaking)**
**REGIONAL OFFICE, INDORE, 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452007 (M.P.)**
**Phone : (O) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629**
**E-mail : ed.roind@mpidc.co.in Website: www.invest.mp.gov.in**
**GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850**

**No. MPIDC/R.O./IND/Tech/2022/1508** **Date : 24.05.2022**

### NOTICE INVITING TENDER

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system– **http://www.mptenders.gov.in** & **www.mpakvnindore.com** as mentioned below :-

| S. No. | Name of work | PAC (Rs. in Lacs) | Cost of Tender Form | EMD | Last Date of Submission |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Operation & Maintenance of Water Supply Scheme, Street Light network, sewer line storm water drain and Administrative building housekeeping at I/A Namkeen Cluster, Sanwer Road, Indore for a period of Two Years. | Rs. 22.08 lacs | Rs. 5900/- i/c GST | Rs. 44160/- | 15.06.2022 |

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portals.
M.P. Madhyam/105012/47134/2022 **EXECUTIVE ENGINEER**

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग ग्वालियर

**E-mail ID : eepwdbrigwl@mp.nic.in, Phone/Fax : 0751-2452853**

### निविदा आमंत्रण सूचना

**निविदा सूचना 03/एस.ए.सी./2022-23** **ग्वालियर, दिनांक : 23.05.2022**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु नवीन निविदा प्रपत्र 2.10 पर आमंत्रण की सूचना क्र. 03 ग्वालियर दिनांक 23.05.2022 द्वारा संचालित सेतु/पथ कार्यों की दर अनुसूची दिनांक 25.03.2022 पर निविदायें लो.नि.वि. में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार श्रेणी हेतु आमंत्रित की जाती हैं। विभाग तकनीकी समस्याओं के लिए जिम्मेदार नहीं होगा एवं किन्हीं कारणों से की जाने वाली निविदा में परिवर्तन की सूचना वेबसाइट पर ही देखें पृथक से निविदा संबंधित कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

| क्र. | ई-टेण्डर आई.डी. क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये) | धरोहर राशि + निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2022_PWDRB_206016_1 | लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के अंतर्गत जिला मुरैना में तिलोंजोरी (देवपुरा) से कोट सिरथरा रोड पर सोन नदी पर सवमर्सिवल ब्रिज का निर्माण कार्य। | 433.12 लाख | 433120/- + 15000/- | म.प्र. लोनिवि में केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार | 12 माह वर्षाकाल सहित |

निविदा आमंत्रण की सम्पूर्ण शर्तें एवं अन्य जानकारी का विस्तृत विवरण वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर **दिनांक 24.05.2022 समय सुबह 10:30 से दिनांक 13.06.2022 समय सायं 17:30 तक** देखी जा सकती है।

1. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा, सिर्फ वेबसाइट पर ही किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**जी-13425/47130/2022** **लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग ग्वालियर**

## सिविल सर्विसेज प्रारंभिक परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

# सामान्य अध्ययन

**1. नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के बारे में असत्य कथन बताइये?**
(अ) यह भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणाली के संचालन के लिये एक शीर्ष संगठन है।
(ब) यह भारतीय रिजर्व बैंक तथा भारतीय बैंक संघ की एक पहल है।
(स) इसे कंपनी अधिनियम 1956 के तहत लाभकारी कंपनी के रूप में सम्मिलित किया गया है।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
**उत्तर - (स) इसे कंपनी अधिनियम 1956 के तहत लाभकारी कंपनी के रूप में सम्मिलित किया गया है।**
**व्याख्या** - इसे गैर लाभकारी कंपनी के रूप में सम्मिलित किया गया है।

**2. 'इक्लूसिव वेल्थ रिपोर्ट' कौनसी संस्था जारी करती है -**
(अ) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
(ब) विश्व आर्थिक मंच
(स) विश्व बैंक
(द) रिजर्व बैंक
**उत्तर - (अ) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम**
**व्याख्या** - यह द्विवार्षिक रिपोर्ट होती है, जो अर्थव्यवस्था की स्थिरता और उनके लोगों के कल्याण को मापने के लिये विश्व के देशों की क्षमता और प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है।

**3. राष्ट्रीय पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया निम्न में से कौनसी सुविधायें प्रदान करता है -**
(अ) चेक ट्रांसेक्शन सिस्टम
(ब) राष्ट्रीय वित्तीय स्विच
(स) राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह
(द) उपरोक्त सभी।
**उत्तर - (द) उपरोक्त सभी।**

**4. बाउंड रेट या बाउंड टैरिफ होता है-**
(अ) बाउंड रेट शुल्क की अधिकतम दर होती है, जिसे आयातित देश द्वारा आयातित वस्तु पर लगाया जा सकता है।
(ब) विश्व व्यापार संगठन में किसी भी वस्तु के लिये सहमत बाउंड रेट विश्व के व्यापार संगठन के सभी सदस्यों के लिये समान है।
(स) उपरोक्त दोनों।
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।
**उत्तर - (अ) बाउंड रेट शुल्क की अधिकतम दर होती है, जिसे आयातित देश द्वारा आयातित वस्तु पर लगाया जा सकता है।**

**5. वृद्धिशील पूंजी उत्पादन अनुपात (ICOR) के बारे में निम्न में से कौनसा कथन सत्य है -**
(अ) विगत दस वर्षों में इसमें पर्याप्त गिरावट हुई है।
(ब) ICOR जितना अधिक होगा, पूंजी की उत्पादकता उतनी ही अधिक होगी।
(स) ICOR अर्थव्यवस्था में किये गये निवेश के स्तर और सकल घरेलू उत्पाद में परिणामी वृद्धि के बीच संबंध को दर्शाता है।
(द) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं।
**उत्तर - (स) ICOR अर्थव्यवस्था में किये गये निवेश के स्तर और सकल घरेलू उत्पाद में परिणामी वृद्धि के बीच संबंध को दर्शाता है।**

**6. इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक किसके द्वारा नियंत्रित किया जाता है -**
(अ) भारतीय रिजर्व बैंक
(ब) भारतीय डाक विभाग
(स) वित्त मंत्रालय
(द) उपरोक्त सभी।
**उत्तर - (अ) भारतीय रिजर्व बैंक।**
**व्याख्या** - इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की स्थापना 2018 में की गई थी।

**7. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के कितने सदस्य हैं?**
(अ) 188 (ब) 189
(स) 190 (द) 192
**उत्तर - (स) 190**

**8. मुद्रा एवं वित्त पर रिपोर्ट निम्न में से किस संस्थान द्वारा जारी की गई है -**
(अ) विश्व आर्थिक मंच
(ब) भारतीय रिजर्व बैंक
(स) विश्व बैंक
(द) नाबार्ड
**उत्तर - (ब) भारतीय रिजर्व बैंक**

**9. 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है-**
(अ) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(ब) विश्व आर्थिक मंच
(स) भारतीय रिजर्व बैंक
(द) विश्व बैंक
**उत्तर - (अ) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष**
**व्याख्या** - यह IMF का एक सर्वेक्षण होता है, जिसे आमतौर पर वर्ष में दो बार अप्रैल और अक्टूबर में प्रकाशित किया जाता है।

**10. जब आवश्यकता से अधिक व्यक्ति रोज़गार में लगे होते हैं, तो उसे कहा जाता है -**
(अ) प्रच्छन्न बेरोजगारी
(ब) मौसमी बेरोजगारी
(स) संरचनात्मक बेरोजगारी
(द) चक्रीय बेरोजगारी
**उत्तर - (अ) प्रच्छन्न बेरोजगारी**
**व्याख्या** - यह बेरोजगारी कृषि और असंगठित क्षेत्र में पाई जाती है।

**11. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कब प्रारंभ की गई थी -**
(अ) 2015 (ब) 2016
(स) 2017 (द) 2020
**उत्तर - (ब) 2016**
**व्याख्या** - यह योजना फसल की विफलता के खिलाफ व्यापक बीमा कवर प्रदान करती है।

**12. निम्न में से कौनसी थीम 'हुनर' हाट की नहीं है -**
(अ) मेक इन इंडिया
(ब) वोकल फॉर लोकल
(स) बेस्ट फ्रॉम वेस्ट
(द) उपरोक्त सभी।
**उत्तर - (अ) मेक इन इंडिया**

**13. 'वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट' किसके द्वारा तैयार की जाती है?**
(अ) यूरोपीय केन्द्रीय बैंक
(ब) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(स) विश्व बैंक
(द) यूएनओ
**उत्तर - (ब) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष**

**14. प्रधानमंत्री MUDRA मुद्रा योजना का लक्ष्य क्या है?**
(अ) वृद्ध और निःसहाय लोगों को पेंशन देना।
(ब) कौशल विकास एवं रोज़गार सृजन में लगे स्वयंसेवी संगठनों का निधीयन करना।
(स) लघु उद्यमियों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाना।
(द) निर्धन कृषकों की मदद करना।
**उत्तर - (स) लघु उद्यमियों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाना।**

**15. व्यापार करने की सुविधा का सूचकांक कौन बनाता है?**
(अ) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(ब) विश्व बैंक
(स) विश्व व्यापार संगठन
(द) भारतीय रिजर्व बैंक
**उत्तर - (ब) विश्व बैंक**

**16. किसी देश का भुगतान संतुलन किसका व्यवस्थित अभिलेख है?**
(अ) किसी निर्धारित समय के मध्य, सामान्यतया एक वर्ष में, किसी देश का समस्त आयात और निर्यात का लेन-देन।
(ब) किसी वर्ष में एक देश द्वारा निर्यात की गई वस्तुयें।
(स) एक देश की सरकार और दूसरे देश की सरकार के बीच आर्थिक लेन-देन।
(द) एक देश से दूसरे देश को पूंजी संचलन।
**उत्तर - (अ) किसी निर्धारित समय के मध्य, सामान्यतया एक वर्ष में किसी देश का समस्त आयात और निर्यात का लेन-देन।**

**17. बैंक दर में वृद्धि सामान्यतया इस बात का संकेत है कि -**
(अ) ब्याज की बाजार दर गिरने की संभावना है।
(ब) केन्द्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को ऋण नहीं देगा।
(स) केन्द्रीय बैंक सस्ती मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है।
(द) केन्द्रीय बैंक महंगी मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है।
**उत्तर - (द) केन्द्रीय बैंक महंगी मुद्रा नीति का अनुसरण कर रहा है।**

**18. निम्नलिखित में से किन मामलों में भारतीय रिजर्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को नियंत्रित करता है?**
(अ) परिसंपत्तियों की तरलता
(ब) शाखा विस्तार
(स) बैंकों का विलय
(द) उपरोक्त सभी
**उत्तर - (द) उपरोक्त सभी।**

**19. भारत में घाटे की वित्त व्यवस्था किसके लिये संसाधनों को बढ़ाने के लिये उपयोग की जाती है -**
(अ) आर्थिक विकास
(ब) सार्वजनिक ऋण के भुगतान
(स) विदेशी ऋण कम करने के लिये
(द) उपरोक्त सभी
**उत्तर - (अ) आर्थिक विकास**

**20. निम्नलिखित में से कौन पूंजीगत लेखे की रचना नहीं करता है -**
(अ) विदेशी ऋण
(ब) निजी प्रेषित धन
(स) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
(द) पोर्टफोलियो निवेश
**उत्तर - (ब) निजी प्रेषित धन**

**21. e-DAR पोर्टल किससे संबंधित है-**
(अ) महिला सुरक्षा
(ब) सड़क सुरक्षा
(स) जेल सुधार
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर - (ब) सड़क सुरक्षा**
**व्याख्या** - यह पोर्टल सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने विकसित किया है।

**22. 'साउथ एशिया इकोनॉमिक फोकस' किसने जारी किया है?**
(अ) विश्व बैंक
(ब) साउथ एशिया बैंक
(स) सार्क
(द) एशियाड
**उत्तर - (अ) विश्व बैंक**

**23. यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) के संबंध में सही कथन बताइये -**
(अ) यह एक ही मोबाइल एप्लीकेशन में कई बैंकों के खातों को प्राप्त करने की अनुमति देती है।
(ब) इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने विकसित किया है।
(स) यह वर्तमान में वित्त मंत्रालय द्वारा विनियमित है।
(द) उपरोक्त सभी।
**उत्तर - (द) उपरोक्त सभी।**

**24. कंपनी की शुद्ध आय या उसके संचालन से हुये लाभ पर कौनसा कर लगाया जाता है -**
(अ) निगम कर
(ब) लाभांश कर
(स) पूंजीगत लाभकर
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
**उत्तर - (अ) निगम कर**

**25. फिनक्लुवेशन प्लेटफॉर्म किसने जारी किया है -**
(अ) इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक
(ब) भारतीय स्टेट बैंक
(स) भारतीय रिजर्व बैंक
(द) बैंक ऑफ इंडिया
**उत्तर - (अ) इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक**

**26. निम्न में से किस संस्था का भारत सदस्य नहीं है -**
(अ) निवेश विवादों के निपटान के लिये अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र ICSID
(ब) बहुपक्षीय गारंटी ऐजेंसी (MIGA)
(स) अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ IDA
(द) पुनर्निर्माण और विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय बैंक IBRD
**उत्तर - (अ) निवेश विवादों के निपटान के लिये अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र ICSID**

**27. भारतीय अर्थव्यवस्था के संदर्भ में 'खुला बाजार प्रचालन' किसे निर्दिष्ट करता है -**
(अ) रिजर्व बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय।
(ब) अनुसूचित बैंकों द्वारा रिजर्व बैंक से ऋण लेना।
(स) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उद्योग और व्यापार को ऋण देना।
(द) उपरोक्त सभी।
**उत्तर - (अ) रिजर्व बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय।**

**28. भारत में बैंकों द्वारा प्राथमिक क्षेत्र को ऋण देने से तात्पर्य किसको ऋण देने से है -**
(अ) कृषि
(ब) लघु और छोटे उद्यम
(स) दुर्बल वर्ग
(द) उपरोक्त सभी
**उत्तर - (द) उपरोक्त सभी।**

**29. द्रव्य की पूर्ति यथावत रहने पर यदि द्रव्य की मांग में वृद्धि होती है तो -**
(अ) कीमत स्तर में गिरावट आयेगी।
(ब) ब्याज की दर में वृद्धि हो जायेगी।
(स) ब्याज की दरें कम हो जायेंगी।
(द) आय और रोज़गार के स्तर में वृद्धि होगी।
**उत्तर - (ब) ब्याज की दर में वृद्धि हो जायेगी।**

**30. यूपीआई (UPI) के बारे में निम्न में से सही कथन बताइये -**
(अ) यूपीआई के माध्यम से सीधे बैंक खाते से लेन-देन किया जाता है।
(ब) यूपीआई में लगाये गये शुल्क (लेन-देन संबंधी) अलग-अलग बैंकों के अलग-अलग होते हैं।
(स) यूपीआई भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा विकसित एक वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है।
(द) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं।
**उत्तर - (द) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं।**
**व्याख्या** - यूपीआई अर्थात् यूनीफाईड पेमेंट्स इंटरफेस। इसके तहत 100 से अधिक अग्रणी बैंक 12 अलग-अलग भाषाओं में यह सेवा प्रदान करते हैं।

**31. गेहूं उत्पादक देश के रूप में विश्व में भारत का कौन सा स्थान है?**
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) तृतीय (द) चतुर्थ
**उत्तर - (ब) द्वितीय**

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं)

# हर नागरिक पर्यावरण की रक्षा का संकल्प ले - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** पर्यावरण की रक्षा सरकार और समाज दोनों का दायित्व है। प्रत्येक नागरिक पर्यावरण को बचाने के लिए सक्रिय हो, इसके लिए 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर सभी मिलकर संकल्प लें। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के संयोजन में विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करते हुये कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण दिवस पर जन अभियान परिषद के सौजन्य और समन्वय से 'रन फॉर नेचर' अर्थात पर्यावरण दौड़ विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जाएगी। वैचारिक कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कोपनहेगन सम्मेलन में पर्यावरण और जलवायु के संबंध में व्यक्त विचारों को आधार बनाकर चर्चा के सत्र रखे जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि कार्यक्रमों में शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

श्री चौहान ने कहा कि चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक देश है, लेकिन जनसंख्या के हिसाब से भारत का प्रत्येक व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन दुनिया के अनेक देशों के मुकाबले कामी कम है। प्रधानमंत्री ने भारत द्वारा वर्ष 2030 तक अपनी जीवाश्म रहित ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावॉट तक पहुंचाने, वर्ष 2030 तक अपनी 50 प्रतिशत ऊर्जा जरूरतों को नवकरणीय ऊर्जा से पूर्ण करने, कुल प्रोजेक्टेड कार्बन एमिशन में एक अरब टन की कमी करने, अर्थव्यवस्था की कार्बन इंटेन्सिटी को 45 प्रतिशत से कम करने और वर्ष 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य हासिल करने की बात कही है। प्रधानमंत्री ने जलवायु परिवर्तन पर शिखर सम्मेलन में पंचामृत की सौगात देते हुए इन लक्ष्यों की जानकारी दी है। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के इन लक्ष्यों की पूर्ति में सभी भारतीय की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

मध्यप्रदेश भी अपने प्रयासों में कमी नहीं रखेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनअभियान परिषद को प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्राथमिकताओं के मुताबिक कार्यक्रम का स्वरूप तय करने के निर्देश दिए।

### मध्यप्रदेश का अधिकार है पर्यावरण पर केन्द्रित वृहद कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे गत सवा वर्ष से प्रतिदिन पौधे लगा रहे हैं। अनेक संगठन और नागरिक इस अभियान से जुड़े हैं। पूरे प्रदेश में पर्यावरण रक्षा और हरियाली के विकास के लिए लोग आगे आ रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में पर्यावरण पर केन्द्रित राष्ट्रीय संगोष्ठी अथवा वृहद स्तर पर कार्यक्रम किया जाए, जिसमें विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाए। विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण की रक्षा के संकल्प के पश्चात प्रदेश में 28 जुलाई से एक माह का सघन पौधरोपण अभियान भी संचालित होगा। श्री चौहान ने इन सभी कार्यक्रमों में जनता की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

खेल चर्चा

## फीफा विश्वकप में होंगी महिला रेफरी

**दोहा,** इस वर्ष कतर में आयोजित होने वाले फीफा विश्वकप में महिला रेफरी भी होंगी। ये विश्वकप के इतिहास में पहला अवसर होगा, जब महिला रेफरी विश्वकप में शामिल होंगी। फीफा ने विश्वकप के लिये 36 रेफरी घोषित किये हैं, इनमें तीन महिला रेफरी भी शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में स्टेफनी फ्रेंपार्ट, सलिमा मुकानसांगा और योशिमि यामाशिता रेफरी के रूप में नजर आयेंगी। फीफा रेफरी समिति के अध्यक्ष पियरलुईगी कोलिना ने बताया कि हमने कई वर्ष पहले पुरुषों के जूनियर और सीनियर टूर्नामेंट में महिला रेफरी को मौका दिया है। हमारे लिये गुणवत्ता मायने रखती है न कि महिला या पुरुष।

## मैक्स वर्स्टापेन बने स्पेनिश ग्रांप्री के चैंपियन

**बार्सिलोना,** रेडबुल टीम के ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन का फॉर्मूला-वन सर्किट पर शानदार प्रदर्शन जारी है। वर्स्टापेन ने इस सत्र में स्पेनिश ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस का खिताब अपने नाम किया। वर्स्टापेन ने 66 लैप की इस रेस को एक घंटा 37 मिनट और 20.475 सेकेंड में पूरा किया। रेस में वर्स्टापेन के टीम साथी सर्जियो पेरेज दूसरे, जॉर्ज रसेल तीसरे, कार्लोस सेंज चौथे और लुईस हैमिल्टन पांचवें स्थान पर रहे। इस जीत के साथ वर्स्टापेन ने फॉर्मूला-वन चैंपियनशिप में चार्ल्स लेकलर्क को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। चैंपियनशिप में वर्स्टापेन 110 अंक लेकर पहले तथा लेकलर्क 104 अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं। वर्स्टापेन ने इस सत्र में सऊदी अरब ग्रांप्री, इमिलिया रोमाग्ना ग्रांप्री और मियामी ग्रांप्री भी जीती हैं।

## मैनचेस्टर सिटी ने जीती इंग्लिश प्रीमियर लीग

**लंदन,** मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) का खिताब अपने नाम किया है। मैनचेस्टर सिटी ने अपने आखिरी लीग मैच में एस्टन विला को 3-2 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। मैनचेस्टर सिटी ने महज एक अंक से लिवरपूल को पछाड़कर खिताब जीता है। मैनचेस्टर सिटी ने लगातार दूसरी बार और कुल छठवीं बार यह लीग जीती है। मैनचेस्टर सिटी इससे पहले वर्ष 2012, 2014, 2018, 2019 और 2021 में भी यह खिताब जीता था। मैनचेस्टर सिटी ने 38 मैचों में 29 जीत, 6 ड्रॉ और 3 हार के साथ 93 अंक लेकर अंकतालिका में पहला स्थान हासिल किया। वहीं लिवरपूल ने 38 मैचों में 28 जीत के साथ 92 अंक हासिल किये।

## आरसीबी हॉल ऑफ फेम में गेल और डिविलियर्स शामिल

**मुंबई,** भारत की लोकप्रिय क्रिकेट लीग आईपीएल की फ्रैंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टीम के पूर्व खिलाड़ी क्रिस गेल और ए.बी. डिविलियर्स को बड़ा सम्मान देते हुये अपने हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। इन दोनों खिलाड़ियों के नाम की घोषणा आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने की। विराट कोहली ने कहा कि इन दोनों खिलाड़ियों ने आईपीएल में खेलने का तरीका बदला है। गेल और डिविलियर्स वर्ष 2011 में आरसीबी से जुड़े थे। गेल वर्ष 2017 तक टीम के प्रमुख सदस्य रहे, जबकि डिविलियर्स ने पिछले सत्र की समाप्ति के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# निकहत ने लगाया गोल्डन पंच

**इस्तांबुल,** भारत की निकहत जरीन ने तुर्की के इस्तांबुल में महिला विश्व चैंपियनशिप में 52 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीत लिया है। निकहत जरीन ने चैंपियनशिप के फ्लाईवेट वर्ग के फाइनल में थाईलैंड की जितपोंग जुटामेंस पर जीत हासिल की। फाइनल में अपने थाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उन्होंने शानदार लड़ाई लड़ी और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। निकहत महिला विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली पांचवीं भारतीय महिला बन गईं। उनसे पहले एम. सी. मैरीकॉम ने वर्ष 2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018 में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते थे। इसके अलावा वर्ष 2006 में सरिता देवी, जेनी आर.एल. और लेखा केसी ने अपने-अपने भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीते थे।

जरीन मुकाबले के दौरान बेहतरीन फॉर्म में थीं। उन्होंने अपने तकनीकी कौशल का इस्तेमाल किया और अपने फुर्तीले पैर वाले प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने के लिए रिंग को अच्छी तरह से कवर किया। निकहत पहले दौर में सभी जजों को प्रभावित करने में सफल रहीं। उन्होंने थाईलैंड की मुक्केबाज की तुलना में कहीं अधिक मुक्के मारे। दूसरा दौर कड़ा था और जितपोंग जुटामेंस

ने इसे 3-2 से जीत लिया। फाइनल राउंड में निकहत ने प्रतिद्वंद्वी को बुरी तरह धोया और फैसला उनके पक्ष में सर्वसम्मति (5-0) से आया। इससे पहले सेमीफाइनल में जरीन ने ब्राजील की कैरोलिन डी. अल्मेडा के खिलाफ 5-0 से जीत हासिल की थी।

**चार साल बाद भारत को मिला स्वर्ण पदक**

महिला विश्व चैंपियनशिप में भारत की ओर से 12 सदस्यीय टीम ने हिस्सा लिया था। भारत ने चार वर्ष के बाद स्वर्ण पदक हासिल किया है। इससे पहले 2018 में एम.सी. मैरीकॉम ने जीता था। निकहत के लिए यह साल शानदार रहा है। इससे पहले उन्होंने फरवरी में स्ट्रेंटजा मेमोरियल में स्वर्ण पदक जीता था। वह ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज बनी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने निकहत को बधाई दी है। उन्होंने ट्वीट किया कि महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर निकहत जरीन को बधाई। भारत को आपकी उपलब्धि पर गर्व है। आपके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

**मनीषा और प्रवीण को कांस्य पदक**

जरीन के स्वर्ण पदक के अलावा मनीषा मौन (57 भारवर्ग) और पहली बार विश्व चैंपियनशिप में खेल रही प्रवीण हुड्डा (63 भारवर्ग) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इन दोनों को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा था। 2019 में रूस में आयोजित टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में भारतीय मुक्केबाजों ने एक रजत और तीन कांस्य पदक जीते। भारत ने टूर्नामेंट से अब तक के 11 संस्करणों में नौ स्वर्ण, आठ रजत और 19 कांस्य सहित 36 पदक जीते हैं। इस मामले में रूस (60 पदक) और चीन (50 पदक) ही आगे हैं।

## मध्यप्रदेश के रजत ने आईपीएल में बनाया शतक

**कोलकाता,** विश्व की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट लीग आईपीएल में मध्यप्रदेश के क्रिकेटर भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। मध्यप्रदेश के रजत पाटीदार ने आईपीएल प्लेऑफ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिये खेलते हुये शानदार शतक जड़ा। रजत के लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर मैच में 54 गेंदों में 112 रनों की शतकीय पारी खेली। अपनी पारी के दौरान रजत ने 12 चौके और सात छक्के लगाये। रजत ने महज 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया, जो कि इस सत्र का सबसे तेज शतक है। रजत ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिये 66 रन तथा दिनेश कार्तिक के साथ पांचवें विकेट के लिये 92 रन की साझेदारी कर बेंगलुरु को 20 ओवरों में 207 रन तक पहुंचाया। रजत के इस प्रदर्शन के बदौलत बेंगलुरु ने लखनऊ को 14 रनों से हराया।

## जस्टिन थॉमस ने दूसरी बार जीती पीजीए चैंपियनशिप

**टुल्सा,** अमेरिका के दिग्गज गोल्फर जस्टिन थॉमस ने दूसरी बार पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। थॉमस ने अंतिम दौर में तीन अंडर 67 के स्कोर के साथ खिताब पर कब्जा किया। थॉमस ने कुल पांच अंडर 275 स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया।

# भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने तीरंदाजी विश्वकप में जीता स्वर्ण पदक

**ग्वांगजू,** भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने दक्षिण कोरिया में आयोजित तीरंदाजी विश्वकप स्टेज-2 में शानदार प्रदर्शन करते हुये खिताब अपने नाम किया है। अभिषेक वर्मा, रजत चौहान और अमन सैनी की भारतीय तिकड़ी ने पुरुष कंपाउंड वर्ग के फाइनल में फ्रांस के क्विंटन वेरियर, जीन फिलिप बलूच और एड्रियन गोंटिया की तिकड़ी को बेहद रोमांचक मुकाबले में 232-230 से हराया। अभिषेक, रजत और अमन की तिकड़ी ने तीरंदाजी विश्वकप स्टेज-1 में भी भारत को स्वर्ण पदक दिलाया था।

**मोहन ने जीता रजत पदक**

तीरंदाजी विश्वकप स्टेज-2 में भारत के मोहन भारद्वाज ने पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक जीता। मोहन ने सेमीफाइनल में मौजूदा विश्व चैम्पियन निको विएनर को हराकर उलटफेर किया था। हालांकि स्पर्धा के फाइनल में मोहन को नीदरलैंड्स के माइक स्कोलसेर के हाथों 141-149 से हार का सामना करना पड़ा।

**भारत ने तीन कांस्य पदक भी जीते**

टूर्नामेंट में भारत ने महिला रिकर्व टीम, महिला कंपाउंड टीम और मिश्रित कंपाउंड टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते हैं। महिला रिकर्व टीम में कोमालिका बारी, अंकिता भगत और रिद्धी की तिकड़ी ने, महिला कंपाउंड टीम में प्रिया गुर्जर, अवनीत कौर और मुस्कान किरार की तिकड़ी ने और मिश्रित कंपाउंड टीम में अवनीत कौर और अभिषेक वर्मा की जोड़ी ने भारत को कांस्य पदक दिलाये।

# ली जी जिया ने जीता थाईलैंड ओपन का खिताब

**बैंकॉक,** मलेशिया के युवा शटलर ली जी जिया ने थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। जिया ने टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में चीन के ली शीफेंग को बेहद संघर्षपूर्ण मुकाबले में 17-21, 21-11, 23-21 से हराया।

फाइनल मुकाबले में ली शीफेंग ने पहले गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुये जिया की सर्विस ब्रेक करते हुये 21-17 से जीत दर्ज की। इसके बाद दूसरे गेम में जिया ने जबरदस्त पलटवार करते हुये शीफेंग के खिलाफ कई शानदार स्मैश शॉट जमाकर लगातार अंक अर्जित किये। जिया ने दूसरा गेम आसानी से 21-11 से अपने नाम किया। तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। गेम में एक समय शीफेंग ने बढ़त बना ली थी, लेकिन जिया ने भी कड़ी टक्कर दी। गेम में एक समय दोनों खिलाड़ी 21-21 की बराबरी पर थे। इसके बाद गेम टाईब्रेकर में गया, जिसमें जिया ने 23-21 से जीत दर्ज की।

**यिंग महिला वर्ग की चैम्पियन**

थाईलैंड ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब चीनी ताइपे की ताई जू यिंग ने

जीता। ताई जू यिंग ने फाइनल में टोक्यो ओलिंपिक की चैम्पियन चेन यूफेई को 21-15, 17-21, 21-12 से हराया। मैच के पहले गेम में ताई जू यिंग ने जीत दर्ज की, वहीं दूसरा गेम चेन यूफेई के नाम रहा। तीसरे और निर्णायक गेम में ताई जू यिंग ने बाजी जीती।

टूर्नामेंट में पुरुष युगल वर्ग का खिताब ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जापानी जोड़ी ने जीता। महिला युगल वर्ग का खिताब भी जापान के नाम रहा। वहीं मिश्रित युगल वर्ग का खिताब झेंग सिवेई और हुआंग योकियोंग की चीनी जोड़ी ने जीता।

## केशव महाराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बने

**दुबई,** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज को अप्रैल माह के लिये आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड से नवाजा है। आईसीसी ने कहा कि केशव ने अप्रैल माह में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुये दो मैचों की सीरीज में 16 विकेट झटके थे। इस दौरान केशव दक्षिण अफ्रीका के लिये टेस्ट क्रिकेट में 150 विकेट लेने वाले दूसरे स्पिनर बन गये हैं। इसके अलावा आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली को महिला वर्ग में आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना है। हीली ने अप्रैल में आईसीसी महिला विश्वकप के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 170 रनों की पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया को वर्ल्ड चैंपियन का खिताब दिलाया था।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

के.एल. राहुल

# ट्वेंटी-20 सीरीज में टीम इंडिया के बने कप्तान

**मुंबई,** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाली पांच ट्वेंटी-20 मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। सीरीज के लिए के.एल. राहुल को टीम इंडिया का कप्तान बनाया गया है। साथ ही ऋषभ पंत को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। दिनेश कार्तिक की एक बार फिर टीम में वापसी हुई है। उमरान मलिक को पहली बार टीम में जगह मिली है।

आईपीएल के तुरंत बाद भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच ट्वेंटी-20 सीरीज खेली जानी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला ट्वेंटी-20 मैच 9 जून को दिल्ली में खेला जाएगा और सीरीज का आखिरी और पांचवां मैच 19 जून को खेला जाना है। भारतीय टीम के कई दिग्गज खिलाड़ी इस सीरीज के बाद आराम कर रहे हैं, ऐसे में युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। इस बीच इस साल ट्वेंटी-

20 विश्वकप भी है, ऐसे में सेलेक्टर्स के पास युवाओं को मौका देने का ये अच्छा अवसर है।

ट्वेंटी-20 सीरीज के अलावा इंग्लैंड दौरे पर होने वाले एक टेस्ट मैच के लिए भी भारतीय टीम का चयन किया गया है। काउंटी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर पुजारा ने भारतीय टेस्ट टीम में वापसी की है। चोट के कारण आईपीएल से बाहर हुए रविंद्र जडेजा को भी 17 सदस्यीय टेस्ट टीम में जगह मिली है, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा को नए चेहरे के रूप में टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

**ट्वेंटी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम** - के.एल. राहुल, ऋतुराज गायकवाड़, ईशान किशन, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, वेंकटेश अय्यर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर, हर्षल पटेल, आवेश खान, अर्शदीप सिंह और उमरान मलिक।

**भारतीय टेस्ट टीम** - रोहित शर्मा, के.एल. राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, चेतेश्वर पुजारा, ऋषभ पंत, के.एस. भरत, रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और प्रसिद्ध कृष्णा।

सामयिकी

## त्रिपोली में संघर्ष के बाद प्रधानमंत्री को शहर छोड़ना पड़ा

लीबिया के प्रतिद्वंद्वी प्रधानमंत्रियों में से एक के द्वारा त्रिपोली में अपनी सरकार बनाने की कोशिश के चलते प्रतिस्पर्धी मिलिशिया के बीच संघर्ष शुरू हो गया जिससे नव नियुक्त प्रधानमंत्री को शहर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इस घटनाक्रम ने युद्धग्रस्त देश में नाजुक हालात को रेखांकित किया, जबकि दोनों प्रतिद्वंद्वी प्रधानमंत्रियों ने इस स्थिति के लिये एक दूसरे को जिम्मेदार ठहराया।

इस कदम से लीबिया के प्रतिद्वंद्वी प्रशासनों के बीच तनाव और बढ़ने की संभावना थी और सुबह स्थानीय मीडिया ने मध्य त्रिपोली और शहर में अन्य जगहों पर विभिन्न मिलिशिया और प्रतिद्वंद्वी बलों के बीच संघर्ष की सूचना दी।

संकटग्रस्त प्रधानमंत्री अब्दुल हामिद दबेबा की त्रिपोली स्थित सरकार ने अपने प्रतिद्वंद्वी (बशाघा के संदर्भ में) को फटकार लगाते हुए घटनाक्रम को लीबिया की राजधानी में एक सशस्त्र समूह की 'आतंक और अराजकता फैलाने की कोशिश' करार दिया।

तकनीक के क्षेत्र में मजबूत होगी भारत-अमेरिका साझेदारी

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, 5जी, 6जी, स्पेस जैसे तकनीक से जुड़े क्षेत्रों में भी बढ़ेगा आपसी सहयोग

भारत और अमेरिका ने अत्याधुनिक और तकनीक के क्षेत्र में आपसी साझेदारी मजबूत करने के लिए एक कार्यक्रम चलाने का फैसला किया है। टोक्यो में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति श्री जो बाइडेन के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद यह घोषणा की गई। यह कार्यक्रम दोनों देशों के लिए सुरक्षा नीति तैयार करने वाली एजेंसी यानी भारत के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् सचिवालय (एनएससीएस) और अमेरिका के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् (एनएससी) की निगरानी में चलाया जाएगा। यह एजेंसियां आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, 5जी, 6जी, बायोटेक, स्पेस और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में दोनों देशों के कारोबारियों, विशेषज्ञों और सरकार के बीच संपर्क बनाने का काम करेंगी।

श्री मोदी और श्री बाइडेन के बीच द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़े करीब हर मुद्दे पर चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने अधिक समृद्ध, मुक्त, संबद्ध और सुरक्षित दुनिया के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कोरोना महामारी के प्रबंधन के लिए श्री बाइडेन ने श्री मोदी की सराहना की।

बैठक के तुरंत बाद अमेरिका ने भारत को बहरीन स्थित कंबाइंड मैरीटाइम फोर्स (सीएमएफ) में सहयोगी के तौर पर शामिल



करने की घोषणा की। सीएमएफ अमेरिकी नेवी के नेतृत्व में चलाए जाने वाला अभियान है, जो गहरे समुद्र में आतंकी संगठनों और मादक पदार्थों के तस्करों पर नकेल कसता है। यह 34 देशों का संगठन है। दोनों नेताओं के बीच मौजूदा रक्षा सहयोग को और प्रगाढ़ करने पर भी बात हुई। श्री मोदी ने अमेरिकी डिफेंस कंपनियों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया।

### ऑस्ट्रेलियाई पीएम को भेंट की मध्यप्रदेश की गोंड कला पेंटिंग

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने क्वाड शिखर सम्मेलन में शामिल राष्ट्र प्रमुखों को भारतीय कला और हस्तशिल्प से जुड़े उपहार भेंट किए। श्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति श्री जो बाइडेन को मथुरा के ठुकरानी घाट की थीम पर आधारित जटिल साझी कला की तस्वीर भेंट की है। ऑस्ट्रेलिया के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री श्री एंथनी अल्बनीज को श्री मोदी ने मध्यप्रदेश की गोंड कला की पेंटिंग भेंट की है। यह एक विशिष्ट आदिवासी कला है। गोंड कला को ऑस्ट्रेलिया की आदिवासी कला के समान माना जाता है। वहीं प्रधानमंत्री ने अपने जापानी समकक्ष श्री फुमियो किशिदा को रोगन पेंटिंग के साथ हाथ से बना नक्काशीदार लकड़ी का बॉक्स उपहार में दिया है। यह लोक कलाओं का मिश्रण है।

### भारत-जापान रक्षा सहयोग और बढ़ायेंगे

क्वाड शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जापानी समकक्ष श्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें दोनों नेताओं के बीच रक्षा उत्पादन समेत सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने पर सहमति बनी।

दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच उच्च स्तर पर नियमित रूप से विचारों के आदान-प्रदान की गति को बनाए रखने की जरूरत पर जोर दिया। बैठक के बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ट्वीट कर कहा कि अपने जापानी समकक्ष श्री किशिदा के साथ अहम बैठक की। इसमें हमें भारत और जापान के बीच सभी तरह के संबंधों को समीक्षा करने का अवसर मिला। हमारे बीच सहयोग बढ़ रहा है और यह दोनों देशों के लोगों के लिए बेहतर है।

दोनों नेताओं ने मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही इस परियोजना के लिए कर्ज की तीसरी किस्त के नोट के आदान-प्रदान पर हस्ताक्षर का स्वागत किया। उनके बीच 5जी, सेमीकंडक्टर और अन्य उभरती तकनीक के क्षेत्र में आपसी सहयोग पर भी चर्चा हुई।

## एंथनी एल्बेनीज ऑस्ट्रेलिया के नए प्रधानमंत्री बने

ऑस्ट्रेलिया के लेवर पार्टी के नेता एंथनी एल्बेनीज ने टोक्यो में एक अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने के

- **लेबर पार्टी ने चुनाव जीतने पर बच्चों तथा बुजुर्गों की देखभाल पर अधिक खर्च करने का वादा किया है। उसने महामारी के कारण ऑस्ट्रेलिया का घाटा बढ़ने पर बेहतर आर्थिक प्रबंधन का वादा किया है। वहीं, मॉरिसन ने कहा था कि फिर से निर्वाचित होने पर उनकी सरकार करों में कमी लाएगी और साथ ही ब्याज दरों पर दबाव भी कम करेगी।**

लिए उड़ान भरने से पहले देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।

एल्बेनीज ने ट्विटर पर कहा, 'मैं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के रूप में सेवा करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री के रूप में मैं लोगों को एक साथ लाना चाहता हूं और ऐसी सरकार का नेतृत्व करना चाहता हूं जो ऑस्ट्रेलियाई

लोगों की तरह साहसी, मेहनती और देखभाल करने वाली हो। वह काम आज से शुरू हो रहा है।' एल्बेनीज की जीत के साथ ही लेबर पार्टी ने नौ साल बाद सत्ता में वापसी की है।

पिछले लगभग 10 सालों से ऑस्ट्रेलिया में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी की हार का सबसे बड़ा कारण महंगाई का मुद्दा रहा। ऑस्ट्रेलिया में महंगाई दर 32 साल के रिकॉर्ड स्तर पर है। महंगाई दर 5.1 प्रतिशत दर्ज की गई है।

### लिबरल पार्टी के शासन का सिलसिला टूटा

ऑस्ट्रेलिया में बीते करीब दस वर्षों से लिबरल पार्टी के शासन का सिलसिला टूट गया है और विपक्षी लेबर पार्टी ने चुनाव में जीत हासिल की है।

## यू.एन.एस.सी. की स्थाई सीट के लिए जापान को बाइडेन का समर्थन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् (UNSC) में जापान की स्थाई सीट के लिए समर्थन

- **इस समय यू.एन.एस.सी. में पांच स्थाई सदस्य और 10 गैर-स्थाई सदस्य देश शामिल हैं। अस्थाई सदस्यों को संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दो साल के कार्यकाल के लिए चुना जाता है। पांच स्थाई सदस्य रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस और अमेरिका हैं। यह देश किसी भी मूल प्रस्ताव को 'वीटो' कर सकते हैं।**

जाहिर किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि वे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थाई सदस्य के तौर पर जापान की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। यह जानकारी एन.एच.के. पब्लिक टेलीविजन ने दी।

ज्ञात रहे कि भारत जनवरी 2021 में दो साल के कार्यकाल के लिए यू.एन.एस.सी. का अस्थाई सदस्य बना था और उसका कार्यकाल दिसंबर 2022 में समाप्त हो जाएगा। बता दें कि भारत

UN Security Council

यू.एन.एस.सी. में स्थाई सीट के लिए एक दशक से अधिक से जोर दे रहा है, लेकिन चीन सबसे बड़ी बाधा रहा है। हालांकि नॉर्डिक देशों के समर्थन से भारत की उम्मीदें जगी हैं। यू.एन.एस.सी. का मसला नॉर्वे की विदेश मंत्री एनिकेन हुइटफेल्ड और विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर के बीच हुई चर्चा में भी उठा, जब वह रायसीना डायलॉग के लिए दिल्ली पहुंची थीं।

भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान कई बार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थाई और अस्थाई सदस्यों की संख्या में विस्तार के जरिए इसमें सुधार की जरूरत को महत्वपूर्ण बताया है, ताकि यह वैश्विक निकाय अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने में जटिल और बदलती चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपट सके। जी-4 मंत्री स्तरीय संयुक्त प्रेस बयान में कहा गया कि इन देशों ने सुरक्षा परिषद् को अधिक तर्कसंगत, प्रभावी और सभी का प्रतिनिधित्व करने वाला बनाने के लिए उसमें सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है।

साथ ही यह भी कहा गया, 'जी-4 मंत्रियों ने पुनः दोहराया कि सुरक्षा परिषद् में स्थाई और अस्थाई सदस्यों की दोनों श्रेणियों में विस्तार के लिए उसमें सुधार अति आवश्यक है, ताकि सुरक्षा परिषद् अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए जटिल और बदलती चुनौतियों से बेहतर तरीके से निपट सके और अपने कर्तव्यों का प्रभावी तरीके से निर्वहन कर सके।' जी-4 मंत्रियों ने सुरक्षा परिषद् में नए स्थाई सदस्यों के तौर पर शामिल होने के लिए एक-दूसरे की उम्मीदवारी का समर्थन भी किया।

डब्ल्यू.एच.ओ. ने

## भारत की 10 लाख आशा कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने भारत की 10 लाख महिला आशा कार्यकर्ताओं को देश में ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने और कोरोनाकाल में महामारी पर लगाम लगाने के अथक प्रयासों के लिए सम्मानित किया। यह आशा कार्यकर्ता भारत सरकार से मान्यता प्राप्त हैं और ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने की प्रथम इकाई हैं। इनमें से अधिकांश ने भारत में महामारी के चरम के दौरान घर-घर जाकर कोरोना पीड़ितों का पता लगाया।

डब्ल्यू.एच.ओ. के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधनोम घेब्रेयेसिस ने वैश्विक स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय योगदान, क्षेत्रीय स्वास्थ्य मुद्दों के लिए प्रतिबद्धता और शानदार नेतृत्व करने के लिए छः पुरस्कारों की घोषणा की। डॉ. टेड्रोस ने ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवॉर्ड्स के लिए पुरस्कार विजेताओं का फैसला किया। आशा कार्यकर्ताओं के

सम्मान समारोह में उन्होंने कहा कि 'आशा' का हिन्दी अर्थ होप (Asha) है। भारत की इन दस लाख से अधिक महिला स्वयंसेवकों ने समुदाय को स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए वह सम्मान की वाकई हकदार हैं।

कोरोना महामारी के दौरान इनका कार्य बेहद सराहनीय रहा है। आशा कार्यकर्ताओं ने बच्चों में होने वाली बीमारियों को रोकने के लिए टीकाकरण, मातृ देखभाल में भी काम किया है। यही नहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल, तपेदिक के उपचार, पोषण और स्वच्छता के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अन्य उल्लेखनीय सम्मानों में अफगानिस्तान के पोलियो टीकाकरणकर्मियों की टीम थी, जिन्हें इस साल फरवरी में देश के तखर और कुंदुज प्रांतों में सशस्त्र बंदूकधारियों ने मार डाला था। इन कार्यकर्ताओं में मोहम्मद जुबैर खलजई, नजीबुल्लाह कोशा, शादाब योसुफी, शरीफुल्लाह हेमती, हसीबा ओमारी, खदीजा अत्ताई, मुनीरा हकीमी, रोविना योसुफी और उनके भाई शांदाब शामिल हैं। इनमें से चार कार्यकर्ता जो महिलाएं थीं, उत्तर-पूर्वी अफगानिस्तान में घर-घर के अभियानों के माध्यम से हजारों बच्चों तक पहुंच रही थीं। अफगानिस्तान और पाकिस्तान दुनिया के दो ऐसे देश हैं, जहां पोलियो के मामले सबसे ज्यादा पाए जाते हैं।

## श्रीलंका सरकार ने खत्म किया आपातकाल

अभूतपूर्व आर्थिक संकट और राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रही श्रीलंका की सरकार ने देश में दूसरी बार लागू किए गए आपातकाल को करीब दो हफ्ते बाद हटा लिया। प्रतिकूल हालात के बीच देश में जारी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के मद्देनजर राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने आपातकाल लागू करने का फैसला किया था। राष्ट्रपति के सचिवालय का कहना है कि आपातकाल हटा लिया गया है। देश में कानून-व्यवस्था की स्थितियों में सुधार के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। ज्ञात रहे कि आपातकाल ने पुलिस और सुरक्षा बलों को निरोधात्मक कार्रवाई के तहत किसी भी नागरिक को हिरासत में लेने अथवा गिरफ्तार करने का अधिकार दे दिया था। गोटाबाया ने एक महीने बाद ही 6 मई को देश में दूसरी बार आपातकाल लागू कर दिया था।

बता दें कि 9 मई को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों और तत्कालीन प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के समर्थकों में हिंसक झड़पें हो गई थीं। इसमें 10 लोग मारे गए थे और करीब 200 घायल हुए थे। इसके बाद महिंदा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### भारत ने फिर की 40 हजार टन डीजल की आपूर्ति

कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने बताया कि भीषण ईंधन संकट का सामना कर रहे श्रीलंका को भारत ने क्रेडिट लाइन सुविधा के तहत 40 हजार टन और डीजल की आपूर्ति की। इससे पहले उच्चायोग ने बताया था कि राहत सामग्री से लदा एक जहाज श्रीलंका पहुंच जाएगा। सामग्री की कुल कीमत 45 करोड़ रुपये है। इस बीच, जापान ने भी विश्व खाद्य कार्यक्रम के जरिये श्रीलंका को 15 लाख डॉलर की राहत सामग्री उपलब्ध कराने का ऐलान किया है।

*(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)*

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।